माघ शुक्ल पक्ष-4, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 239 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
13 फरवरी 2024 मंगलवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
15 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## बिहार में असर के बाद भाजपा का आजमगढ़ में सेंध लगाने का प्लान

# सीएम यादव यूपी में ओबीसी मिशन पर पहुंचे, कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन




### विस परिसर में कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन

विधानसभा बजट सत्र में आज करीब डेढ लाख करोड़ रुपये के सरकार के लेखानुदान (अंतरिम बजट) पर चर्चा हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने लेखानुदान पर चर्चा के लिए चार घंटे का समय तय किया है। आज सुबह विधानसभा पहुंचने पर कांग्रेस के विधायकों ने किसान आंदोलन में जा रहे किसान नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक फुंदेलाल मार्को ने सरकार पर स्कूल में किताबें न बांटे जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किताबें कबाड़ में फेंकी जा रही हैं। पहली से पांचवीं तक की किताबें फेंकी गई हैं। विधायकों ने तख्तियां लेकर विधानसभा में जाने की कोशिश भी की, सुरक्षाकर्मियों द्वारा ऐसा करने से रोके जाने पर कांग्रेस विधायकों की उनसे बहस भी हुई।

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज लोकसभा चुनाव मिशन के तहत उप्र में हैं। वे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के गढ़ आजमगढ में सभा संपर्क आदि कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यादव अब बिहार के बाद उप्र में यादव वोटर्स को साधने के भाजपा के मिशन का हिस्सा हैं। बताया जाता है कि वे आजमगढ़ में जयपुरिया स्कूल, मिरिया कांधरपुर आदि जगह के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।वे अपेक्षित श्रेणी के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करेंगे।

आजमगढ़ की यादवों के बड़े किले के रूप में गिनती होती है। आजमगढ़ लोकसभा सीट पर भाजपा के दिनेशलाल यादव निरहुआ का कब्जा है। मोहन यादव को भाजपा वहां उतारकर यादव वोटों में बड़े पैमाने पर सेंधमारी करने की जुगत में जुटी है। मोहन यादव के सीएम बनने के बाद ही यह साफ हो गया था कि एमपी से बिहार और यूपी को साधा जाएगा। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने इस पर अमल करना शुरू कर दिया है।

माना जाता है कि इसका असर दिखने भी लगा है। बिहार फ्लोर टेस्ट के दौरान तेजस्वी यादव को यादव विधायक ने ही धोखा दिया है। 2000 से लगातार चुनाव यादव जीतने वाले प्रह्लाद यादव ने पाला बदल लिया है।



ऐसे में कहा जा रहा है कि यह मोहन यादव का ही असर है। बिहार में यादवों को लगने लगा है कि पिछलग्गू बनने का कोई फायदा नहीं है। साथ ही यादवों को आगे बीजेपी यह संदेश दे रही है कि पार्टी में किसी को भी मौका मिल सकता है। लालू यादव की अपनी जाति के विधायक का धोखा देना, आरजेडी के लिए बड़ा झटका है।

### कांग्रेस सड़कों पर उतरी

मप्र कांग्रेस आज बेरोज़गारी, हरदा विस्फोट कांड, महिला सुरक्षा समेत अनेक मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव कर रही है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के पास लिंक रोड एक पर बड़ी संख्या में इस प्रदर्शन पर नजर रखने पुलिस बल तैनात है। मार्ग की बैरिकेडिंग की गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास कर रहे हैं। खास बात यह है कि प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालने के बाद यह पटवारी का पहला बड़ा मैदानी प्रदर्शन है। इसके लिये कई जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे हैं।

### किसानों का दिल्ली कूच शुरू

# चारों तरफ सुरक्षा दीवार, भीषण जाम के हालात



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

किसानों के दिल्ली चलो मार्च की वजह से राजधानी के सभी बॉर्डर सील हैं। देर रात तक केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच बैठक के नाकाम होने के बाद आज किसान दिल्ली कूच कर रहे हैं। बताया जाता है कि सरकार ने आंदोलन पर अड़े अन्नदाताओं को समझाने की हर संभव कोशिश की लेकिन 5 घंटे से ज्यादा चली बैठक भी बेनतीजा रही। आज किसान नेताओं ने आर-पार की जंग का ऐलान करते हुए कह दिया कि, दिल्ली कूच होकर रहेगा। उधर गाजीपुर, सिंघु, संभू, टिकरी समेत सभी बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस ने भी साफ कर दिया है कि, किसानों की आड़ में उपद्रवियों ने अगर कानून व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

यह पंजाब के किसान स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, एमएसपी पर गारंटी, लखीमपुर खीरी हादसे पर सख्त कार्रवाई करने, किसान मोर्चों के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को सरकारी नौकरी व मुआवजा राशि देने की मांग पर अड़े हैं। उन्हें दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए हरियाणा में सुरक्षा के काफी कड़े इंतजाम हैं।

## तेजस्वी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि मामला किया खारिज

**नई दिल्ली ।** राजद नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ दायर मानहानि मामले की शिकायत को खारिज कर दिया है। तेजस्वी यादव ने बीती 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर गुजरातियों के लेकर दिया अपना बयान वापस ले लिया था। बीती 5 फरवरी को कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



**क्या था मामलाः** तेजस्वी यादव ने बीते साल मार्च में अपने एक बयान में कहा था कि 'अब की परिस्थितियों में सिर्फ गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी को माफ भी कर दिया जाएगा।' तेजस्वी यादव के इस बयान के विरोध में गुजरात के रहने वाले हरेश मेहता ने मानहानि का मामला दर्ज कराया था। हरेश मेहता का आरोप था कि तेजस्वी यादव के बयान से गुजरातियों का अपमान हुआ है। इसके बाद मामले की सुनवाई अहमदाबाद की कोर्ट में चल रही थी। तेजस्वी यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मामले को गुजरात से बाहर और प्राथमिक तौर पर दिल्ली शिफ्ट करने की मांग की थी।

### गूगल क्रोम देश के लिए खतरा! सरकार ने जारी की गंभीर चेतावनी

**नई दिल्ली।** अगर आप गूगल क्रोम यूजर्स हैं। मतलब आप मोबाइल फोन या फिर लैपटॉप में गूगल क्रोम का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि गूगल क्रोम भारत के लिए खतरा बन सकता है। ऐसे में सरकार की ओर से गूगल क्रोम को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि करीब 66 फीसद सर्च मार्केट पर गूगल क्रोम का कब्जा है। ऐसे में सभी मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर यूजर्स को ध्यान देना चाहिए। गूगल क्रोम में सिक्योरिटी अलर्ट जारी किया गया है। इसके इस्तेमाल पर आपकी संवेदनशील जानकारी चोरी हो सकती है।

## भाजपा चव्हाण को राज्यसभा भेजेगी, कल पर्चा दाखिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले अशोक चव्हाण को भारतीय जनता पार्टी अब राज्यसभा भेजने जा रही है। कल ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद आज वह भाजपा का दामन थाम रहे हैं। कल चव्हाण अपना नामांकन दाखिल करेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले को लिखे अपने पत्र चव्हाण ने कहा था कि वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधानसभा सदस्य के तौर पर अपना इस्तीफा सौंपा था। तब चव्हाण ने कहा था कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने के बारे में निर्णय नहीं किया है। चव्हाण कांग्रेस कार्य समिति के भी सदस्य थे। उन्होंने 2014 में नांदेड़ लोकसभा से जीत



हासिल की थी। इस दौरान अमरावती से निर्दलीय विधायक रवि राणा ने दावा किया है कि 10 से 15 विधायक अशोक चव्हाण के संपर्क में हैं। चव्हाण का अपने गृह जिले नांदेड के और आस-पास के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में खासा प्रभाव है।

### लोस चुनाव की तैयारियों को लेकर ईसी ने किया सिक्किम दौरा

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त के नेतृत्व में भारतीय चुनाव आयोग की टीम ने सिक्किम का दौरा किया। चुनाव आयोग की टीम ने राज्य में मुख्य सचिव, डीसीपी, राज्य पुलिस नोडल अफसर, विशेष डीसीपी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार में चर्चा हुई। सोमवार को चुनाव आयोग ने तैयारियों की समीक्षा के लिए सभी जिला कलेक्टरों के साथ भी बैठक की।

## बेटी संग आइसक्रीम खाने पहुंचे नारायणमूर्ति, लोग अवाक

**बेंगलुरू , एजेंसी।**

इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति और उनकी बेटी अक्षता मूर्ति को एक दुकान पर आइसक्रीम का आनंद लेते हुए देखना चर्चित हो गया है। शहर के मशहूर आइसक्रीम पार्लर में वे अपनी बेटी व ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ पहुंचे थे। इस दौरान दोनों बहुत ही साधारण पोशाक में थे। उन्होंने हाथों में आइसक्रीम लेकर तस्वीरें भी खिंचवाईं। बताया जा रहा है कि दुकान में जगह खचाखच भरी हुई थी। मगर वे शांतिपूर्वक आए और अपनी आइसक्रीम खरीदी। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि मूर्ति अमीर हैं, लेकिन आम जिंदगी जीते हैं। यह वह महानता है, जिसे नारायणमूर्ति अपने साथ लेकर चलते हैं।



### आज यूएई दौरे पर रवाना होंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात दौरे पर जा रहे हैं। अबु धाबी में पहले हिंदू मंदिर के उद्घाटन के अलावा दोनों देशों के बीच संबंधों और साझेदारी को और मजबूत बनाने के दृष्टिकोण से भी यह दौरा बेहद अहम है। पीएम मोदी के दौरे पर भारत और यूएई बंदरगाह को लेकर अहम समझौता कर सकते हैं। इसके अलावा डिजिटल संरचना विकसित करने और ऊर्जा संबंधी पहलुओं पर भी दोनों देश विस्तार से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले आई रिपोर्ट के मुताबिक आयोजक खराब मौसम के कारण थोड़े परेशान हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की अगवानी को लेकर इनके उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। आयोजकों ने पीएम मोदी की मौजूदगी वाले इस कार्यक्रम को अहलान मोदी टाइटल दिया है।



### सेंथिल बालाजी ने तमिलनाडु के मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई ।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद वी सेंथिल बालाजी ने अपनी गिरफ्तारी के आठ महीने बाद आखिरकार तमिलनाडु कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वी सेंथिल बालाजी ने मंत्री पद से इस्तीफा दिया और सीएम एमके स्टालिन के कार्यालय से भी सेंथिल बालाजी के इस्तीफे की पुष्टि हो गई है। अब उनका इस्तीफा राज्यपाल को भेजा जाएगा। वी सेंथिल बालाजी का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब 14 फरवरी को मद्रास हाईकोर्ट वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। इससे पहले ट्रायल कोर्ट से बालाजी की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। हाईकोर्ट में वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर जस्टिस आनंद वेंकटेश सुनवाई करेंगे, जिन्होंने हाल ही में वी सेंथिल बालाजी के गिरफ्तारी के बाद भी मंत्री पद पर रहने की आलोचना की थी।



**सियासत** | महाराष्ट्र के 'चव्हाण-कांड' के बाद कमलनाथ के डिनर से मप्र में गहमागहमी

# राज्यसभा सीटः सेनापतियों को सेफ रखने का गणित!



अर्थात्
आशीष दुबे

मप्र की राज्यसभा की एक सीट कुछ वैसा ही रोमांच पैदा कर रही है, जैसा चार साल पहले मप्र कोटे की दो राज्यसभा सीटों ने पैदा किया था और इसका क्लाइमैक्स ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस से पलायन के रूप में सामने आया था। आज कांग्रेस के पूर्व सूबाई चीफ व सीएम रहे कमलनाथ के डिनर के पहले ही इसका 'आस्वाद' सामने आ रहा है, नाथ कांग्रेस के विधायकों को क्या परोसने वाले हैं, यह मीठा ज्यादा होगा या तीखा या कुछ और...? यह शाम को सामने आएगा, लेकिन इसके पहले कांग्रेस के गलियारों में खासी सरगर्मी है। नाथ का डिनर तब हो रहा है जब महाराष्ट्र में कांग्रेस दिग्गज व पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के पलायन को कुछ ही घंटे हुए हैं और उन्हें भाजपा ने राज्यसभा में भेजने का फैसला कर लिया है। वहीं बीते तीन दिन से कमलनाथ के भी राज्यसभा में जाने की



'इच्छा' सियासी हल्कों में सरगोशी कर रही है। हालांकि वे मना कर रहे हैं। इस बीच मप्र कांग्रेस ने नए चीफ जीतू पटवारी ने सोनिया गांधी को मप्र कोटे से राज्यसभा भेजने का जो औचक व अनगढ़ सुझाव परोसा है, उसके कई भावार्थ निकल सकते हैं- क्या कांग्रेस अपने खास सेनापतियों को लोकसभा चुनाव के घमासान से सेफ रखने के लिये राज्यसभा का रास्ता तलाश रही है? क्या जीतू ने जो कहा है, वह हाइकमान का सुर है? या फिर कमलनाथ की राज्यसभा जाने की किसी अनसुनी-अनकही हसरतों या संभावना का रास्ता बंद रोकने की कवायद का हिस्सा?

कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव के ऐन पहले महाराष्ट्र से बंगाल,बिहार,झारखंड और मप्र तक जो हवा बह रही हैं, वह कांग्रेस के लिए हरकदम सचेत रहने और कुनबा जोड़े रखने का संदेश हैं। संयोग है कि यह हवाएं राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ कदमताल कर रही हैं। भाजपा जैसी एक बड़ी व चाकचौबंद तैयारी वाली चुनाव मशीनरी से कांग्रेस का संघर्ष इस बार बहुत दिलचस्प ही नहीं बल्कि निर्णायक भी है। यह पार्टी के पुराने स्वरूप के समाप्त होने व नए आकार में आने का मौका भी है। जहां तक मप्र समेत कई राज्यों में कांग्रेस के 'नए पटवारियों' का प्रश्न है तो यदि ये अपने पूर्ववतियों व पुराने नेताओं से ही उलझने व खारिज करने में समय जाया करेंगे तो 'देर' ही करेंगे। करीब दस साल पहले एआईसीसी में भी यही हवा चली थी,जो पार्टी के कई खेमे उड़ा ले गई। इसलिये सियासी रकबे का नए सिरे से सीमांकन करने में 'पुराने अभिलेखों' को फिलहाल नजरअंदाज करना तमाम राजस्व रिकार्डस को उलझा देगा !



### जिम्मेदारी का सवाल

हालांकि कमलनाथ का पांच साल का कार्यकाल पार्टीजन के लिए ही काफी अबूझ रहा है। वे निश्चित दायरे व चुनिंदा लोगों के साथ काम करते रहे। यही स्थिति जीतू पटवारी के अब तक के कार्यकाल की है। हालांकि उनके पास जोश व पुरानी टीम तो है,बस संयोजन अटका हुआ है। नाथ के दौर में पार्टी की हार की पूरी जिम्मेदारी भी उनके सिर आ गई, अब लोकसभा चुनाव में पटवारी का लिटमस टेस्ट है। जहां तक नाथ की बात है तो लोकसभा चुनाव में उनके संसाधन व नेटवर्क की अहमियत हो सकती है, जैसी अशोक चव्हाण की महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिये हो सकती थी।

केरल व कर्नाटक के 200 से अधिक किसानों को चांदबड़ में कैद किया?

# दिल्ली जा रहे केरल, कर्नाटक व मप्र के किसानों को राजधानी में पुलिस ने रोका-घसीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी दिलाने और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू नहीं करने से नाराज कई संगठनों के किसान दिल्ली में जुट रहे हैं। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए जा रहे मप्र, केरल और कर्नाटक के साथ राजधानी में पुलिस द्वारा बर्बरता किए जाने का मामला सामने आया है।**

किसानों ने पुलिस द्वारा घसीटने, मारपीट करने, ट्रेनों से जबरन उतारने, चार पहिया वाहनों को जब्त करने, धमकाने जैसे आरोप लगाए हैं। यही नहीं 151 की धारा में जेल भेजने की बात कही है। इतना ही नहीं, कर्नाटक की एक महिला किसानों को पुलिस की झूमाझटकी में गंभीर चोटें आई है, जिसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं बाहरी राज्यों के 200 से अधिक किसानों को दो दिन से चांदबड़ के एक शादी हाल में कैद करके रखा है, इन्हें आज शाम को छोड़ा जा सकता है।



## रविवार देर रात से शुरू हुई धरपकड़

किसानों का कहना है कि रविवार देर रात से उनके साथ बर्बरता शुरू हुई, जब वे भोपाल पहुंचने के लिए निकले तो जगह-जगह उन्हें पुलिस ने रोका। कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल के जो किसान ट्रेनों से दिल्ली जाने के लिए निकले उन्हें जगह-जगह रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनें खड़ी करके रोका गया। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह का कहना है कि भारतीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शिवकुमार शर्मा (कक्काजी) को रविवार दोपहर से ही पुलिस ने परेशान करना शुरू कर दिया था। उनकी घेराबंदी की जाने लगी थी उन्हें हिरासत में ले लिया तो दिल्ली जाने वाले मप्र, केरल, कर्नाटक व महाराष्ट्र के किसानों ने भोपाल की तरफ कूच किया लेकिन देर रात को पुलिस ने उन्हें छोड़ा तो वे उतनी ही रात को चंडीगढ़ रवाना हो गए। इसके बाद से राजधानी समेत प्रदेश भर में किसानों के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता करने लगी। ट्रेनों के जरिए जो किसान कर्नाटक व केरल से दिल्ली जा रहे थे उन्हें रविवार-सोमवार की मध्य रात भोपाल रेलवे स्टेशन पर जबरन उतार लिया। इसी में महिला किसान पद्मा बाई भी शामिल थी, जो धक्का-मुक्की में गिर गई और उसका सिर फट गया।

## चांदबड़ में बाहरी राज्यों के किसानों को कैद करके रखा

महासंघ के त्रिलोक गोठी ने आज मंगलवार सुबह बताया कि बाहरी राज्यों के किसानों को चांदबड़ के एक शादी हाल में कैद करके रखा है। इन्हें रविवार ट्रेनों से उतारा गया था। इस तरह और भी कई स्टेशनों पर किसानों को उतारा गया है, उनके साथ भी ठीक से बर्ताव नहीं किया जा रहा है। पुलिस धमका रही है कि वापस नहीं लौटे तो जेल में डाल दिए जाएंगे। कर्नाटक जाने वाली ट्रेनों से जाने के लिए जा रहा है, जिनमें बहुत अधिक भीड़ है, पैर रखने के लिए भी जगह नहीं है। लंबी दूरी की यात्रा बिना कंफर्म टिकट के संभव ही नहीं है।

---

ड्राइवर की हत्या कर सरिये से भरा डंपर लूटने का मामला

# तीन आरोपियों को उम्रकैद, तीन को तीन-तीन साल की सजा सुनाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इक्कीसवे अपर सत्र न्यायाधीश जयंत शर्मा की अदालत ने सरिये से भरा डंपर लूटने और ड्राइवर की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। वहीं तीन अन्य आरोपियों को भी न्यायालय ने तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक वर्षा कटारे द्वारा की गई है।



लोक अभियोजन के अनुसार, अदालत ने आरोपी महेश राठौर, मोहम्मद नसीम, जयकरण प्रजापति को धारा 302 सहित विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर अलग-अलग धाराओं में तीन-तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही आरोपी रितेश भारके एवं विजय श्रीवास्तव को धारा 414 भादवि में दोषी पाते हुए 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास और एक 1-1 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं अभियुक्त शहनवाज को 3 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

## दो दिन से गायब, पुलिया के नीचे लाश

पुलिस को 15 अगस्त 2018 को सूचना मिली थी कि झागरीया पहाड़ी बायपास रोड पुलिया के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। मृतक की पहचान मृतक के परिजनों द्वारा माखन के रूप में की गई, जो कि एक निजी कंपनी के डंफर का ड्राईवर था। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि मृतक माखन सिह 13 अगस्त 2018 की राम 10 बजे के करीब 12 टन लोहे का सरिया भरकर भोपाल के लिए रवाना हुआ था। जिसका फिर कोई पता नहीं चला। दो दिन बाद उसका शव पुलिया के नीचे मिला। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने मृतक डंपर चालक से लूटपाट कर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी और शव को बायपास रोड पर फेंक दिया था। जांच के दौरान उक्त आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से डंपर के गुजरने वाले रास्तों और समय के हिसाब से आरोपियों की पहचान की। आरोपियों ने लूट का सरिया विक्रेता शाहनबाज शेख को बेचा था। उससे पूछताछ करने पुलिस को पता लगा कि वाहिद नूर व साबिर काला के कहने पर रितेश भारके और विजय श्रीवास्तव से सरिया खरीदा गया था। मामले में आगे पड़ताल करने पर मोहम्मद नसीम, महेश राठौर व साबिर काला का नाम हत्या और लूट में शामिल पाया गया।

---

अवैध झुग्गियों की भरमार पर चिंता, मिलेंगे सीएम, मंत्री व विधायक से

# सिंधी सेन्ट्रल पंचायत का खुलेगा कार्यालय

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने 24 फरवरी को भोपाल इंदौर राजमार्ग स्थित कालका चैराहे के समीप कार्यालय खोलने का निर्णय लया है, जहां प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक पदाधिकारी बैठेंगे एवं आम जनता की संत हिरदाराम नगर से जुड़ी समस्याओं व विकास बावत चर्चा होगी। पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक हुई जिसमें संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, प्रकाश मीरचंदानी, वासुदेव वाधवानी, महासचिव सुरेश जसवानी एवं सचिव रमेश हिंगोरानी आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में तय किया गया कि 24 फरवरी को नवीन कार्यालय के उदघाटन के पूर्व सुंदरकांड का पाठ साहिब किया जाएगा। इसके अलावा 3 मार्च रविवार को कार्यकारिणी एवं आम बैठक का भी नवीन कार्यालय में ही आयोजन रखा गया है।



## अवैध झुग्गियों पर चिंता

पंचायत सचिव रमेश हिंगोरानी ने बताया कि बैठक में खासतौर पर वन ट्री हिल्स के चारों तरफ एवं तालाब किनारे सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनती जा रही झुग्गियों पर चिंता प्रकट की गई जिस कारण उपनगर में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की भी आशंका बनी हुई है। इसके अलावा वन ट्री हिल्स क्षेत्र में गांधीनगर सुधार गृह निर्माण समिति को शेष 52 भूखण्ड का कब्जा दिलाने, समाप्त हो चुकी लीज नवीनीकरण एवं सिंधी विस्थापितों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक दिलाने के लिए विधायक श्री रामेश्वर शर्मा से मुलाकात करने एवं विधायक को साथ लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय से भी मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

---

## महिला महापौर हेल्पलाइन का फीडबैक लिया






**भोपाल।** आज स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल रूम में महिला महापौर हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की एवं लाभार्थियों से फीडबैक लिया। साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे में समस्या हल करने हेतु आदेशित किया।

# कल वसंत पंचमी, पूजा व प्रतिमाओं की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस वर्ष 14 फरवरी को वसंत पंचमी और विवाह, शुभकार्यों का अबूझ मुहूर्त है। इस दिन कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। वसंत पंचमी का दिन मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन राजधानी में जगह-जगह मां सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। कुछ वर्ष से वसंत पंचमी पर माता सरस्वती की प्रतिमाएं स्थापित करने का चलन बढ़ा है।पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी मनाई जाती है। इस बार सरस्वती पूजा 14 फरवरी को मनाई जा रही है। दरअसल इस वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 13 तारीख को शुरू हो जाएगी। जिसका समय दिन के 02¬41 है। यह 14 फरवरी को लगभग 12¬10 के करीब समाप्त हो जाएगा। ऐसे में उदया तिथि 14 फरवरी होने के कारण इस साल वसंत पंचमी या सरस्वती पूजा 14 तारीख को होगी। इस दिन अलग-अलग प्रकार से अलग-अलग प्रकार की पूजन की भी मान्यता है। सभी कार्य की सिद्धि के लिए संकल्प पर विशेष पर पूजन कर सकते हैं।

---

**मेट्रो एंकर**

ज्ञापन सौंपा, रेलवे से बात करने किया आग्रह, विधायक ने मांगे कागजात

# विधायक के पास पहुंचे रेलवे के बेदखली नोटिस से प्रभावित लोग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

रेलवे के बेदखली नोटिस मिलने से परेशान ए सीआरपी के निवासी विधायक रामेश्वर शर्मा के पास पहुंचे हैं। स्थायी करने या विस्थापन के बाद हटाए जाने की मांग की है। विधायक ने नोटिस प्रभावित लोगों से दस्तावेज मांगे हैं।

संतनगर में सीआरपी पटरी के पास रेलवे की भूमि पर 70 सालों से रह रहे लोगों ने बेदखली नोटिस मिलने के बाद पुर्नस्थापित करने तथा समय देने की मांग की है। सोमवार को 200 परिवारों ने विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात की। सहायक मंडल अभियंता भोपाल मंडल से 10 दिन में जमीन खाली करने के नोटिस की जानकारी दी। दो पन्नों का ज्ञापन सौंपकर मदद की गुहार लगाई है।



## 50 सालों से रह रहे, कहां जाएंगे

विधायक शर्मा को बताया गया कि ए ओल्ड 10, सी.आर.पी. के पास, संतनगर (बैरागढ़) में पिछले 50 से 70 वर्षों से लगभग 200 परिवार स्वतंत्रता के बाद शरणार्थियों के तौर पर यहां रहे रहे हैं। सरकार ने घोषणा की थी कि सिंधी परिवार को मालिकाना हक दिया जाएगा एवं पुर्नस्थापना करने के आदेश संबंधित विभाग / अधिकारियों को दिए गए थे। वर्तमान में कई परिवार को पट्टे भी वितरित किए गए थे, हम लोग बिजली का बिल, पानी का बिल एवं अन्य सभी देयकों का भुगतान करते हैं। राशन कार्ड, वोटर आई.डी. एवं आधार कार्ड के साथ-साथ अन्य दस्तावेज भी इसी निवास के आधार पर शासन द्वारा बनाए गए हैं।

## 10 दिन में कहां जाएंगे

**सहायक मण्डल** अभियंता कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल ने 10 फरवरी 2024 को नोटिस दिए गए हैं।10 दिवस के अन्दर हटने का कहा है। इन दिनों कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाएं चल रही हैं। यहां के मकान के अलावा अन्य कोई निवास का स्थान नहीं है, जहां पर हम अपने परिवार के साथ निवास कर सकें। मानवीय आधार पर हमारे पुर्खों का यह मकान जहां हम विगत 65 से 70 वर्षों से जीवन बसर कर रहे है। उन सभी लगभग 200 परिवारों को स्थायी किया जाना चाहिए।

# प्रदेश में खुलेंगे 10 निजी विश्वविद्यालय

## विदेशी विश्वविद्यालय नहीं दिखा रहे रुचि, इकोनॉमी व स्कोप का अभाव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश में 10 और प्राइवेट यूनिवर्सिटी खुलने वाली है। इनके दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द अन्य मापदंड की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इन्हें मंजूरी मिल सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत भारत और दूसरे देशों के जाने-माने संस्थानों के साथ साझेदारी हो रही है। हाल ही में गुजरात में गांधीनगर की गिफ्ट सिटी में ऑस्ट्रेलिया की दो यूनिवर्सिटी के भारतीय कैंपस की औपचारिक शुरुआत हो गई है। एनईपी के तहत भारत में विदेशी विश्वविद्यालय एवं विदेश में भारतीय विवि खोलने के लिए साझेदारी हो रही है। इसके लिए यूजीसी द्वारा मापदंड तैयार किए गए हैं। भारत सरकार और यूजीसी की अनुमति के बाद ही प्रदेश में विदेशी विवि आएंगे। वर्तमान में मध्य प्रदेश में 10 निजी विवि ने आवेदन किया है। प्रदेश में वर्तमान में 51 निजी विश्वविद्यालय संचालित हैं।



जिसमें 2 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। ये आंकड़ा एक बार फिर बढ़ने जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारत में विदेशी विवि की शुरूआत गुजरात से हो चुकी है। मध्य प्रदेश में इकोनॉमी और स्कोप के अभाव में विदेशी विवि आने से कतरा रहे हैं। इनके आने से ऐसे छात्रों को फायदा होगा जो विदेश में पढ़ाई करने जाते हैं। प्रदेश में विदेशी विवि आने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रस्ताव तैयार होगा। यूजीसी के ड्राफ्ट के आधार में इनके कैंपस खोले जाएंगे। वर्तमान में 10 विश्वविद्यालयों ने आवेदन किया है, लेकिन विदेशी एक भी नहीं है। विश्वविद्यालय आने से छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलेगी। छात्रों को प्लेसमेंट के लिए नहीं भटकना होगा। हालांकि यह लाभ केवल आर्थिक रूप से संपन्न छात्रों को ही मिल सकेगा। हालांकि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न सहित नौ विवि ने भारत में कैंपस खोलने से इंकार कर दिया है, यूजीसी ने 60 से ज्यादा देशों के भारतीय राजदूतों के साथ संपर्क किया था। इधर आने वाले समय में मध्य प्रदेश में भी 10 नई निजी यूनिवर्सिटी स्थापित होंगी। हालांकि इनमें एक भी विदेशी यूनिवर्सिटी नहीं है।

### माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड

# बारहवीं के फिजिक्स और अर्थशास्त्र पेपर में 38 नकल प्रकरण, भोपाल में एक



### दसवीं का आज गणित और बारहवीं का होगा मनोविज्ञान का पेपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षा मे इस बार नकल की रोकथाम के लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं की है, लेकिन नकल पर रोकथाम नहीं लग पा रही है। सोमवार को कक्षा बारहवीं के फिजिक्स, अर्थशास्त्र, एनिमल हस्बेंड्री मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एंड फिशरीज, विज्ञान के तत्व और भारतीय कला का इतिहास का पेपर हुए। परीक्षा केंद्रो पर विद्यार्थी एक घंटे पहले पहुंचे। जिसके बाद लाइन लगाकर क?ी जांच के बाद परीक्षार्थियों को केंद्रो पर प्रवेश दिया गया। इसके बाद प्रदेशभर में परीक्षा के दौरान 38 नकल प्रकरण बना गए। इसमें भोपाल जिले में एक प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं दसवीं के विद्यार्थियों का 13 फरवरी को गणित और बारहवीं के विद्यार्थियों का मनोविज्ञान का पेपर होगा। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे रहेगा।

# राजभाषा उन्नयन में करेंगे हर तरह का सहयोग: प्रो. त्रिपाठी



### नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई अर्धवार्षिक बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति क्र01 की वर्ष 2024 की अर्धवार्षिक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राजभाषा विभाग क्षेत्रीय कार्यालय की वर्षा वर्मा ने भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रगामी प्रयोग के बारे में चर्चा के साथ समीक्षा भी की। निटर भोपाल के निदेशक एवं नराकास के अध्यक्ष प्रो. सी.सी. त्रिपाठी ने कहा कि निटर भोपाल वर्ष भर हिंदी कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। उसमे अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। निटर भोपाल सभी सदस्य कार्यालयों को राजभाषा के उन्नयन के लिए हर तरह का सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है। बैठक में मैनिट के निदेशक प्रो. के के शुक्ला, निफ्ट भोपाल के निदेशक कर्नल आशीष अग्रवाल सहित भोपाल के लगभग 50 नराकास के सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी शामिल हुए।

### हिंदी में काम करने में मिलती है आत्मिक खुशी

निटर भोपाल के प्रभारी निदेशक प्रो. बी एल गुप्ता ने कहा की निटर भोपाल ने हिंदी के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। हिंदी में काम करने में हमें आत्मिक खुशी मिलती है। निटर भोपाल के डीन प्रो .पी के पुरोहित ने कहा की मातृभाषा में शिक्षा ही सीखने में सबसे ज्यादा प्रभावी सिद्ध होती हे। इस बात के प्रमाण बिभिन्न रिसर्च से भी पता चले हैं।

### अस्पताल अधीक्षक और पुलिस आयुक्त से की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब

# हमीदिया अस्पताल में हफ्ता वसूली आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र मानव अधिकार आयोग राजधानी के हमीदिया अस्पताल में कर्मचारियों से हफ्ता वसूली के मामले में संज्ञान लेकर अस्पताल अधीक्षक और पुलिस आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही के संबंध में रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल जिले के हमीदिया अस्पताल में असामाजिक तत्वों द्वारा कर्मचारियों से हफ्ता वसूली करने का मामला सामने आया है। असामाजिक तत्व रात के समय अस्पताल में घुसकर कर्मचारियों से हफ्ता वसूली कर रहे है। इस संबंध में अस्पताल कर्मचारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज की है।



### आरक्षक ने युवती के साथ किया दुराचार, मांगा जवाब

भोपाल जिले के मिसरोद थानाक्षेत्र में पुलिस विभाग के एक आरक्षक द्वारा युवती के साथ दुराचार और दैहिक शोषण करने का मामला सामने आया है। मामले में अधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल शहर के शाहपुरा इलाके की एक बस्ती में रहने वाली 47 वर्षीय महिला के साथ एक युवक द्वारा शारीरिक दुराचार करने के मामले में भी संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

### खतरे के साए में कर रहे पढ़ाई

उज्जैन जिले के रूनीजा अंतर्गत माधपुर के 155 छात्र-छात्राएं खतरे के साए में पढ़ाई करने पर मजबूर हैं। विद्यायल के पास में बने पेयजल स्टैंड, शोचालय के पास ही मात्रा तीन चार फीट की दूरी पर ट्रांसफार्मर लगा होने से तथा तार खुले होने से विद्यार्थियों को करंट लगने का खतरा हमेशा बना रहता है। आयोग ने कार्यपालन यंत्री, म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कं.लि., उज्जैन एवं जिला शिक्षा अधिकारी से जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

# आरजीपीवी में पीएचडी के लिए आवेदन 2 मार्च तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 20 एवं 21 मार्च को आयोजित की जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 2 मार्च है। इसके बाद आरजीपीवी 13 मार्च को एडमिट कार्ड जारी करेगा। परीक्षा में क्वालिफाई अभ्यर्थियों का प्रवेश इंटरव्यू के आधार पर होगा। अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 24 अप्रेल से शुरू होंगे। आरजीपीवी ने इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, फार्मेसी, एप्लाइड साइंसेज, आर्किटेक्चर में पीएचडी की रिक्तियां निकाली हैं।

# अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरु

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी। पूर्व में इसके लिए 8 फरवरी से 21 मार्च तिथि नियत थी, जिसमें संशोधित करते हुए भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया अब 13 फरवरी से प्रारंभ होकर 23 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर (पुरूष) की जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडसमैन आठवीं पास, ट्रेडसमैन दसवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरु के पदों के लिए जारी किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई में होने की संभावना हैं।

**इस बार 15 जिले शामिल:** सेना मुख्यालय ने संशोधन करके सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र में अब 15 जिलों को सम्मिलित किया है, जिनमें भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, हरदा, राजगढ, रायसेन, सीहोर, विदिशा, गुना, अशोकनगर, पन्ना, दमोह, नरसिंहपुर और पांढुर्ना हैं।

# भोज में साइबर सिक्योरिटी और इनफॉरमेशन साइंस कोर्स शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोज ओपन यूनिवर्सिटी ने इस साल कुछ नए कोर्स शुरू किए हैं। इसमें लाइब्रेरी और इनफॉरमेशन साइंस एवं साइबर सिक्योरिटी में बैचलर डिग्री शामिल है।

इन कोर्स में एडमिशन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू की थी। डीईबी कोर्स भी शामिल हैं। इन कोर्स में एडमिशन की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू की थी। भोज को 34 कोर्सों के संचालन के लिए मान्यता दी गई है। इसमें बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, सामान्य शिक्षा, विशेष शिक्षा, बीसीए, लाइब्रेरी और इनफार्मेशन साइंस में बैचलर डिग्री, जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री के साथ-साथ नवीन पाठ्यक्रम साइबर सिक्योरिटी शामिल है। मास्टर डिग्री पाठ्यक्रमों में जंतु विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भौतिक, रसायन शास्त्र, गणित, वनस्पति विज्ञान, सूचना तकनीक, समाजशास्त्र, समाज कार्य, राजनीति शास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी और पत्रकारिता के साथ-साथ साइबर सिक्योरिटी में मास्टर डिग्री पाठ्यक्रम की भी मान्यता मिली है।

**मेट्रो एंकर**

### मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित

# 'विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ें, शासन व समाज उनके साथ'

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज का दिवस विज्ञान में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करने और इसे रेखांकित करने को समर्पित है। इस उद्देश्य से यह दिन बहुत महत्वपूर्ण है। विश्व के सभी देशों की दृष्टि से यह दिन महत्वपूर्ण तो है ही परंतु भारत के संदर्भ में इस अंतरराष्ट्रीय दिवस की महत्ता और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि हमारी संस्कति में सदैव मातृ शक्ति को सम्मान दिया गया है। हमारे यहां ज्ञान की देवी सरस्वती और धन की देवी लक्ष्मी हैं व हम देश को भी भारत माता के स्वरूप में स्वीकार करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं की विज्ञान में सहभागिता के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

**देश में महिलाओं के लिए सभी पदों व संभावनाओं के लिए द्वार खुले:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश की प्रथम नागरिक महिला ही हैं। राष्टपति द्रोपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हैं। यह लोकतंत्र की सुंदरता है, और इस व्यवस्था से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हम सबके मन में सम्मान बड़ा है। यह इस बात का भी संकेत है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए सभी पदों व संभावनाओं के लिए द्वार खुले हैं, वे आगे बढ़ने के लिए अपनी ओर से हरसंभव प्रयास करें, शासन और समाज उनके साथ है।

**विज्ञान के माध्यम से सभी के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयासरत:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 12 जनजातीय जिलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेजों की बहनों को सम्मानित किया गया है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी विज्ञान के क्षेत्र में विशेष ध्यान देते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रयासरत हैं। माताओं-बहनों की स्थिति में भी लगातार सुधार हो रहा है। बहन-बेटियों के विज्ञान, तकनीक और इंजीनियरिंग की दिशा में आगे बढ़ने से देश-प्रदेश की दशा और दिशा बदलेगी।

### एसव्ही पॉलिटेक्निक और महिला पॉलिटेक्निक में एडवांसमेंट कोर्स

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विभिन्न संस्थाओं में सिंगल क्लिक से विभिन्न पाठ्यक्रमों व प्रशिक्षण सत्रों का डिजिटली शुभारंभ किया। इंडो जर्मन इनिशियेटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन अंतर्गत प्रदेश की सभी शासकीय आईटीआई में इंडस्ट्रियल सेफ्टी ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया। आईआईटी दिल्ली के सहयोग से ऑनलाईन मोड में ट्रेनिंग के लिए जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग के कोर्स और ब्लॉकचेन बिल्डर टेक्नोलॉजी कोर्स का उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज में शुभारंभ किया। एसव्ही पॉलिटेक्निक भोपाल में वर्चुअल रियालिटी व ऑगमेटेड रियालिटी कोर्स का भी शुभारंभ किया गया।




## संपादकीय

# एकजुटता से बिखराव की ओर

*एक बड़ी उम्मीद और मुश्किल लक्ष्य को साधने के लिये हुई शुरूआत अब जबर्दस्त बिखराव और अनिश्चितता के बीच है। यह मामला है विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का। जब कांग्रेस ने तमाम बडे विपक्ष दलों के साथ मोदी सरकार को हराने की दिशा में कदम उठाये थे और इसके सूत्रधार बने थे बिहार के नीतीश कुमार। मगर अब असमंजस गहरा चुका है खासतौर पर जब 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सीट बंटवारे की बातचीत एकतरफा ढंग से स्थगित कर दी गई। इसके पीछे यह दलील जरूर रही कि गठबंधन तो लोकसभा चुनावों के लिए प्रस्तावित था, सो विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने में कोई बुराई नहीं। लेकिन माना यही गया कि कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा चुनावों के बेहतर नतीजों के आधार पर सीट बंटवारे की सौदेबाजी में अपना हाथ ऊपर रखना चाहता था। यह अलग बात है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं आए। लेकिन कांग्रेस के इस रुख ने गठबंधन के कई घटक दलों को यह शिकायत करने का अपेक्षाकृत ठोस आधार दे दिया कि पार्टी अलायंस को लेकर गंभीर नहीं है। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर भाजपा ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दे दिया है।कल नीतीश ने भाजपा संग बनाई सरकार के लिये विश्वासमत भी जीत लिया। उधर नीतीश के झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होने के पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया। निश्चित रूप से इन सबके पीछे एनडीए की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन इंडिया खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय सिर्फ एनडीए की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता। इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। जिन दलों ने अभी तक नाता तोड़ने की घोषणा नहीं की है, उनमें भी किसी तरह का सामंजस्य नहीं दिख रहा। कभी तृणमूल नेता ममता बनर्जी कांग्रेस को अपने बूते 40 सीटें जीतने की चुनौती देती नजर आती हैं तो कभी आप नेता पंजाब और दिल्ली की सभी सीटें जीतने का दावा कर देते हैं। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से इंडिया के अब भी बने रहने की बीच-बीच में होने वाली औपचारिक घोषणाओं को छोड़ दें तो ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे कि सचमुच जमीन पर इसे बनाए रखने की कोई कोशिश हो रही है। ऐसे दौर में जब खुद विपक्ष लोकतंत्र को खतरे में बता रहा है, विपक्षी गठबंधन को लेकर इन दलों का रवैया गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस इस वक्त न्याय यात्रा में व्यस्त है। अब वह चाहती है कि इस यात्रा के जरिये जनसमर्थन का नया आधार खड़ा किया जाए। इसीलिये वह अपने प्लान के मुताबिक बढ रही है। हालांकि इसमें वह सफल होगी, यह संदेह बना हुआ है। महराष्ट्र में जब यह यात्रा अगले महीने पूरी होगी,इससे पहले अब कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम अशोक चव्हाण के भाजपा में जाने की अटकलें जोर पकड चुकी हैं। इन हालातो में एक ताकतवर चुनाव मशीनरी यानि भाजपा व उसके गठबंधन एनडीए से निपटने के लिये कांग्रेस को कई सहयोगी जरूरी होगें और सबसे जरूरी तो यह ही होगा कि वह तीन चार महीने पहले साथ आए सभी सहयोगियों को साधे।*

### सुविचार

`` समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां
कोई `हम' में रह जाता है तो कोई `अहम' में ''

-अज्ञात

### आज का इतिहास

- 1483-मुगल साम्राज्य के सम्राट बाबर का जन्म हुआ।
- 1537-गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह की पुर्तगालियों से बच कर भागने के दौरान डूबने से मौत हो गई।
- 1556-पंजाब के गुरुदासपुर जिले के कलानौर में 13 वर्ष उम्र में अकबर का राजाभिषेक हुआ।
- 1628-शाहजहाँ आगरा की गद्दी पर बैठा।
- 1663-कनाडा फ्रांस का एक प्रान्त बना ।
- 1743-हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
- 1881-भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना कोलकाता में हुई।
- 1899-अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।
- 1912-लंदन के पास ग्रोटन शहर में पहली डीजल पनडुब्बी बनाई गई।
- 1919-पोलिस-सोवियत युद्ध आरंभ।
- 1920-शिकागो में महिला मतदाता लीग की स्थापना की गयी।
- 1924-न्यूयॉर्क में आइबीएम की स्थापना।
- 1933-खूबसूरत अभिनेत्री मधुबाला का जन्म।
- 1945-पेरू, चिली, पराग्वे और इक्वाडोर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने।
- 1952-भारतीय जनता पार्टी की महिला राजनीतिज्ञ सुषमा स्वराज का जन्म।
- 1972-अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की।
- 1978-अमेरिका ने सऊदी अरब, मिस्र, और इसरायली को अरबों डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की।
- 1979-काबुल में अमेरिकी राजदूत एडोल्फ़ डक्स की मुस्लिम उग्रवादियों द्वारा हत्या।
- 1989-भोपाल गैस कांड की जिम्मेदारी यूनियन कार्बाइड में सरकार को मुआवजा देने पर राजी हुई थी।
- 1990-बंगलौर में इंडियन एयरलाइंस 605 पर सवार 92 लोग विमान दुर्घटना में मारे गये थे।
- 1993-भारतीय क्रिकेट ख़िलाड़ी कपिल देव ने 400 विकेट और 5000 रनों का रिकार्ड बनाया।
- 1999-इम्फाल में पांचवे राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत हुई थी।
- 2001-अल सल्वाडोर में 14 फरवरी को भीषण भूकंप आया, जिसके करीब 225 लोग मारे गए।
- 2002-उमर शेख़ ने कहा, पर्ल जीवित नहीं, किन्तु तलाश जारी।
- 2004-जर्मन निदेशक की 'हेड आन' फ़िल्म को गोल्डन बीयर पुरस्कार मिला।

## बहुआयामी गरीबी में कमी

# रोजगार के मौके जुटाने के लिए नए कौशलों में प्रशिक्षण की जरूरत

**जयंतीलाल भंडारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्यसभा में कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। लोगों को गरीबी से बाहर लाने में 80 करोड़ लोगों को दिए जा रहे निःशुल्क खाद्यान्न और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की अहम भूमिका है। इससे पहले नीति आयोग की तरफ से भी वैश्विक मान्यता के मापदंडों पर आधारित बहुआयामी गरीबी इंडेक्स (एमपीआई) दस्तावेज जारी किया गया था। बहुआयामी गरीबी इंडेक्स निकालने के लिए बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं वित्तीय समावेशन जैसी सुविधाओं पर आधारित 12 विभिन्न मानकों-पोषक तत्व, बच्चे की मृत्यु दर, माताओं के स्वास्थ्य, बच्चों के स्कूल जाने की उम्र, स्कूल में उनकी उपस्थिति, रसोई, ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, संपदा व बैंक खातों को शामिल किया जाता है। इसके अनुसार, पिछले नौ वर्षों में भारत में करीब 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए हैं। लेकिन अब भी देश में करीब 15 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे हैं। इस दस्तावेज के मुताबिक, सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की इसमें अहम भूमिका रही है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 5.94 करोड़, बिहार में 3.77 करोड़, मध्य प्रदेश में 2.30 करोड़, तो राजस्थान में 1.87 करोड़ लोग एमपीआई मानकों के हिसाब से गरीबी से मुक्त हुए है। इस हिसाब से अब करीब 15 करोड़ लोग एमपीआई मानक से जुड़ी सुविधाओं से वंचित रह गए हैं। ऐसे लोगों की संख्या बिहार में सबसे ज्यादा 26.59 फीसदी, झारखंड में 23.34 फीसदी, उत्तर प्रदेश में 17.40 फीसदी, छत्तीसगढ़ में 11.71 फीसदी, राजस्थान में 10.77 फीसदी, तेलंगाना में 3.76 फीसदी, हिमाचल में 1.88 फीसदी, तमिलनाडु में 1.48 फीसदी, केरल में 0.48 फीसदी है। सरकार ने 2030 तक देश के ऐसे सभी नागरिकों को बहुआयामी गरीबी से बाहर करने का लक्ष्य रखा है। इसी तरह विगत छह नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले



2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी पर आ गई है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा संगठनों द्वारा बहुआयामी गरीबी घटाने में भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ द्वारा प्रकाशित शोध पत्र में कहा गया है कि सरकार द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में बहुआयामी गरीबी के दायरे से देश की सभी जनता को पूरी तरह से मुक्त करने के पक्के इरादों और प्रयासों की कवायद स्पष्ट रूप से दिखाई दी है। इस नए अंतरिम बजट में वित्तमंत्री ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के तहत बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर निकालने वाले विभिन्न मदों पर किए गए वित्तीय आवंटन की तुलना में औसतन 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की है। भारत को अब भी निम्न आय वाला देश माना जाता है। विभिन्न वर्गों की प्रति व्यक्ति आय में संतुलित वृद्धि से अधिक लोग गरीबी के दायरे से बाहर आएंगे और उनका जीवन बेहतर होगा। इसके साथ-साथ बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल से सुसज्जित करके रोजगार के जरिये सशक्तीकरण का अभियान सुनिश्चित करना होगा।

इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि विकास की प्रक्रिया और गरीबी उन्मूलन में देश के कुछ प्रदेश बहुत पीछे छूट गए हैं। इन राज्यों के समावेशी विकास पर विशेष ध्यान देना होगा। चूंकि कोविड-19 के बाद बहुआयामी गरीबी को दूर करने के लिए इस वर्ग के युवाओं में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में, गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार को डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर, उन्हें कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से नए हुनर सिखाए जाने की जरूरत होगी।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# महावीर नए भारत के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भगवान महावीर के 2550वें मोक्ष कल्याणक दिवस को मनाने की सार्थक पहल करके एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। दिनांक 12 फरवरी 2024 को विज्ञान भवन में आयोजित इस राष्ट्रीय समारोह में संघ के सर संघचालक श्री मोहन भागवत जी एवं चारों जैन संप्रदाय के आचार्य और मनी गण भाग लेंगे । महावीर का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का महत्व सिर्फ जैनियों के लिए ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानव समाज के लिये है। महावीर की शिक्षाओं की उपादेयता सार्वकालिक, सार्वभौमिक एवं सार्वदेशिक है, दुनिया के तमाम लोगों ले इनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा ली है। सत्य, अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह ऐसे सिद्धान्त हैं, जो हमेशा स्वीकार्य रहेंगे और विश्व मानवता को प्रेरणा देते रहेंगे। महावीर का संपूर्ण जीवन मानवता के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए नए भारत में महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है।

भगवान महावीर की शिक्षाओं का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार समावेश हो और कैसे हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। विशेषतः जैन समाज के लोग एवं अनुयायी ही महावीर को भूलते जा रहे हैं, उनकी शिष्याओं को ताक पर रख रहे हैं। दुःख तो इस बात का है कि जैन समाज के सर्वे-सर्वा लोग ही सबसे ज्यादा महावीर को सबसे अधिक अप्रासंगिक बना रहे हैं, महावीर ने जिन-जिन बुराइयां पर प्रहार किया, वे उन्हें ही अधिक अपना रहे हैं। उस महान् क्रांतिकारी वीर महापुरुष का मोक्ष कल्याणक महात्सव आयोजनात्मक ही नहीं प्रयोजनात्मक नहीं हो , इस दृष्टि से संघ का यह आयोजन संपूर्ण देशवासियों को एक नया संदेश देगा। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूलभूत सारगर्भित शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते।

समय के आकाश पर आज अनगिनत प्रश्नों का कोलाहल है। महावीर ने जो उपदेश दिया हम उसे आचरण में क्यों नहीं उतार पाए? मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था और विश्वास कमजोर क्यों पड़ा? धर्म की व्याख्या में हमने अपना मत, अपना स्वार्थ, अपनी सुविधा, अपना सिद्धान्त क्यों जोड़ दिया? ये ऐसे प्रश्न हैं जो हमारे जीवन को जटिल और समस्याग्रस्त बना रहे हैं। मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर



बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

महावीर जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है।

महावीर का एक महत्वपूर्ण संदेश है 'क्षमा'। महावीर ने कहा कि 'खामेमि सव्वे जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे, मित्ती में सव्व भूएसू, वेर मज्झं न केणई'। अर्थात् 'मैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। यदि महावीर की इस शिक्षा को हम व्यावहारिक जीवन में उतारें तो फिर क्रोध एवं अहंकार मिश्रित जो दुर्भावना उत्पन्न होती है और जिसके कारण हम घुट-घुट कर जीते हैं, वह समाप्त हो जाएगी। व्यावहारिक जीवन में यह आवश्यक है कि हम अहंकार को मिटाकर शुद्ध हृदय से आवश्यकता अनुसार बार-बार ऐसी क्षमा प्रदान करें कि यह भावना हमारे हृदय में सदैव बनी रहे।

महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। भगवान के उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। भगवान महावीर चिन्मय दीपक हैं। दीपक अंधकार का हरण करता है किंतु अज्ञान रूपी अंधकार को हरने के लिए चिन्मय दीपक की उपादेयता निर्विवाद है। वस्तुतः भगवान के प्रवचन और उपदेश आलोक पुंज हैं। ज्ञान रश्मियों से आप्लावित होने के लिए उनमें निमज्जन जरूरी है।

महावीर आदमी को उपदेश/दृष्टि देते हैं कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि, आज, अभी दे या कालक्रम से दे, इसका मूल्य नहीं है। मूल्य है धर्म तुम्हें समता, पवित्रता, नैतिकता, अहिंसा की अनुभूति कराता है। महावीर बनने की कसौटी है-देश और काल से निरपेक्ष तथा जाति और संप्रदाय की कारा से मुक्त चेतना का आविर्भाव। भगवान महावीर एक कालजयी और असांप्रदायिक महापुरुष थे, जिन्होंने अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत को तीव्रता से जीया। वे इस महान त्रिपदी के न केवल प्रयोक्ता और प्रणेता बने बल्कि पर्याय बन गए। आज के युग की जो भी समस्याएं हैं, चाहे हिंसा एवं युद्ध की समस्या हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण एवं अनैतिकता की समस्या, चाहे तनाव एवं मानसिक विकृतियां हो, चाहे आर्थिक एवं पर्यावरण की समस्या हो- इन सब समस्याओं का समाधान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के सिद्धान्तों एवं उपदेशों में निहित है। इसलिये आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं बल्कि उनके द्वारा जीये गये आदर्श जीवन के अवतरण की/पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें तभी महावीर मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाना सार्थक होगा।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

## गोल्ड मेडल जीतकर शकील ने किया नर्मदापुरम को गौरवान्वित




नर्मदापुरम। पांचवी राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप बालयोगी स्टेडियम हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित 8 फरवरी से 11 फरवरी 2024 तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नर्मदापुरम जिले के होनहार धावक शकील खान ने 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीतकर नर्मदाअंचल नर्मदापुरम का एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर शकील ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचाने के लिए मुझे मेरे आदरणीय बड़े भाई समाज सेवी जमील खान का भरपूर योगदान रहा। उनके निरंतर मार्गदर्शन एवं हर संभव सह्योग से मैं गोल्ड मेडल प्राप्त करने के मुकाम तक पहुंचा हूं।

## गांव चलो अभियान में पारीख पहुंचे अर्चना गांव, ग्रामीणों को कराया सरकार की योजनाओं से अवगत

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संपूर्ण देश में चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पारीक टप्पा तहसील के वार्ड क्रमांक 3 अर्चना गांव एवं डोलरिया सेक्टर के आवरी गांव में प्रवास एवं रात्रि विश्राम कर गांव की आवशक समस्याओं एवं बूथ अध्यक्ष संयोजक पन्ना प्रमुख आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरपंच सचिव आशा उषा कार्यकर्ता के साथ एक बैठक आयोजित कर ग्राम पंचायत स्तर पर चल रही गतिविधियों और समस्याओं को नजदीक से देखा वही दूसरी और उसका समाधान करने के लिए पुलिस अधीक्षक सीईओ तहसीलदार पीएचई विभाग परियोजना अधिकारी से फोन पर चर्चा कर उसका समाधान कराया।

स्व सहायता समूह की महिलाओ के साथ मीटिंग कर उन्हें मोटिवेशन कर अधिकारियों को गांव में आकर उनकी मदद करने के दिशा निर्देश दिए। गांव



चलो अभियान के प्रवासी संतोष पारीक ने ग्राम आवरी में कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पण का तिलक लगाकर दीप प्रज्वलित करते हुए की।

### नर्मदा जयंती की सभी तैयारियां पूर्ण की जाए - कलेक्टर मीना

## गिरदावरी का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का निराकरण करें



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित से जुड़े उठाए गए विषयों निराकरण प्रभावी ढंग से किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए गए। बैठक में सुश्री मीना द्वारा जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों आदि के संबंध में प्राप्त पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई जिसमें ऐसे समस्त विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिनसे संबंधित मुद्दों को जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया था। कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा ऐसे समस्त विभागों से संबंधित प्रत्येक निराकृत शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की एवं ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण लंबित है उनका समय सीमा के अंदर निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें रजिस्ट्री के उपरांत अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए । साथ ही साथ ऐसे वन ग्राम जो की राजस्व ग्राम नहीं बन पाए हैं एवं इस प्रक्रिया में जो भी कठिनाइयां उत्पन्न हो रही है उनको शीघ्र निराकृत करें। सेतु निर्माण विभाग की निर्माणाधीन एवं निर्मित पुलों के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की एवं उक्त शिकायतों का निराकरण समय सीमा के अंदर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सेतु निर्माण विभाग को स्वीकृत पुलों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। नहरो की साफ सफाई के संबंध में विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए गए। पीएम आवास संबंधित जियो टेगिंग, किश्त समय पर जमा न होनें आदि शिकायतों का भी संतुष्टीपूर्वक निराकरण किया जाए।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मुख्यमंत्री द्वारा वीसी के माध्यम से दिए गए निर्देशों के संबंध में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग और खुले में मांस मछली विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की भी जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों और खुले में मांस मछली विक्रय के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जाए। बार बार समझाइश के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस संबंध में प्राप्त शिकायतों को भी त्वरित संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जाएं। इसी के साथ अवैध मदिरा बिक्री के विरुद्ध भी कार्यवाही निरंतर चालू रखें एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में भी गंभीरतापूर्वक एवं विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

### नर्मदा जयंती की तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर सुश्री मीना ने नर्मदा जयंती संबंधित तैयारी की विस्तार से समीक्षा की। समस्त आवश्यक तैयारियां समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। नगर पालिका नर्मदापुरम को साफ सफाई, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर समस्त तैयारियां पुख्ता रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को बैरिकेडिंग, हेलीपैड, एवं घाट पहुंच मार्ग की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही साथ संपूर्ण कार्यक्रम के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन भी किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। एमपीईबी को निर्देशित किया गया है कि विद्युत संबंधी समस्त तैयारियां पुख्ता रखें एवं किसी भी प्रकार की कोई भी अनियमितता न हो।

### सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण हो।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने रेवेन्यू विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अच्छा प्रदर्शन कर ग्रेडिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रसूति सहायता और जिला अस्पताल अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए समस्त बीएमओ से समन्वय कर इस दिशा में विशेष प्रयास करनें के निर्देश दिये। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के भी निर्देश सभी विभागों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभाग के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## आईओसीएल डिपो इटारसी में मॉकड्रिल, अग्नि दुर्घटनाओं को काबू पाने के दिए गए सुझाव



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) डिपो इटारसी में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार विगत दिवस को मॉक फायरड्रिल आयोजित की गई। डिल का नेतृत्व इटारसी डिपो के वरिष्ठ डिपो प्रबंधक सतीश कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। मॉक डिल के दौरान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डी.के. सिंह, एसडीएम इटारसी टी प्रतीक राव एवं इंदौर से औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा निदेशक ए.पी. सिंह, जिला प्रशासन तथा स्थानीय पुलिस अधिकारी एवं इटारसी नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।मॉकड्रिल की शुरूआत टैंक ट्रक मैनिफोल्ड से रिसाव के बाद आग लगने से हुई। टीटी क्रू ने रिसाव देखा और आगे रिसाव से बचने के लिए शटऑफ वाल्व को तुरंत बंद कर दिया । आग बुझाने के लिए डीसीपी अग्निशामक यंत्र का उपयोग किया गया लेकिन आग पूरे टैंक ट्रक पर हावी हो गई और मुख्य घटना नियंत्रक के निर्देशों के अनुसार, पानी सह फोम मॉनीटर को विपरीत दिशा से संचालित किया गया। रिसाव को कवर करने के लिए एमईएफजी नोजल का उपयोग किया गया था, वॉटर कर्टेन नोजल के संचालक से उत्पाद पम्प हाउस की ओर गर्मी विकिरण को भी अवरूद्ध किया गया था और वॉटर मॉनिटर की मदद से आस-पास की झाडियों को ठंडा किया गया था। आग को आपदा स्तर तक पहुंचाने से पहले सफलतापूर्वक बुझा दिया और सभी स्पष्ट सायरन की घोषणा की गई ।

मॉक डिल के पश्चात मॉक ड्रिल में सम्मिलित रहे वचाव दल के सदस्यों से उपस्थित अधिकारियों द्वारा चर्चा की गई तथा अग्नि दुर्घटनाओं पर बैहतर तरीके से काबू पाये जाने के संबंध में सुझाव दिये तथा प्रतिमाह स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में मॉक डिल आयोजित करने के निर्देश दिये गये।

## चने के बाद अब गेहूं में भी लगने लगा है रोग फसल निगरानी दल द्वारा किया गया निरीक्षण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में अधिकतर चने की फसल खराब होने के बाद अब गेहूं की फसल में भी फफूंद नाशक रोग देखा गया है जिसके कारण गेहूं की बालिया सूखने लगी है। जिसके समाधान के लिए 11 फरवरी को जिला स्तरीय फसल निगरानी दल द्वारा विकासखण्ड सिवनीमालवा के ग्राम अमलाड़ाकलां, बिसौनीकलां तथा शिवपुर आदि ग्रामों में फसलो का निरीक्षण किया गया तथा कृषको को समसामयिक सलाह दी गई। दल में कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी कृषि राजीव यादव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आर.के. मुसरे उपस्थित रहे।



कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. मिश्रा द्वारा कृषको को बताया गया कि गेंहूँ की फसल मे फ्यूजेरियम हेड ब्लाइट रोग जिसमे बालियाँ उपरी सिरे से नीचे की ओर सूखती हैं तथा उनमें दाना नहीं भर पाता है, इससे बचने के लिये किसान भाई गेहूँ की फसल मे बालियों आने के समय स्प्रिंकलर सैट से सिंचाई न करें तथा एजॉक्सीस्ट्रोबिन 7.1 प्रतिशत + प्रोपिकोनाजोल 11.9 प्रतिशत एस.ई. नामक फफूंदनाशक दवा का 01 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव कर सकते हैं। डॉ मिश्रा द्वारा बताया गया कि कीट-व्याधियों व रोगों से बचाव हेतु क्षेत्र के लिये संस्तुत बीज किस्मों का प्रयोग, अनुशंसित बीजदर का प्रयोग तथा संतुलित मात्रा मे पोषक तत्वों का प्रयोग करना अत्याधिक लाभकारी होता है। वहीं चना फसलों मे समन्वित कीट प्रबंधन हेतु जिन किसान भाइयों द्वारा खेतों मे टी आकार की खूँटियां लगाई गई हैं उन्हें फलियों मे दाना बनते समय निकाल दें। वहीं गेहूँ में लीफब्लाइट रोग जिसमें पत्तियाँ पीली होने लगती है, इसकी रोकथाम हेतु एजॉक्सीस्ट्रोबिन 7.1 प्रतिशत + प्रोपिकोनाजोल 11.9 प्रतिशत एस.ई. नामक फफूंद नाशक दवा का 01 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनीक में करो योग रहो निरोग शिविर आयोजित



**सीहोर।** हेल्थ एण्ड वेलनेस गतिविधियों के तहत मण्डी स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनीक में करो योग, रहो निरोग योग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में योग प्राणायाम, सूर्यनमस्कार कराकर यम, नियम, आसन, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान तथा समाधि के बारे में जानकारी प्रदान की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि योग शिविर में आचार्य चंद्रदेव के द्वारा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया । उन्होंने योग के बारे में बताया कि योग का रक्ताचाप, हृदय गति, परिवतर्नशीलता और बैरोफ्लेक्स संवेदनशीलता सहित कई अन्य बीमारियों पर सकारात्मक प्रभाव पडता है। नियमित योग से मानव तंत्रिका तंत्र को सुनियोजित संचालित करने में सहायता मिल सकती है। सांस पर नियंत्रण व्यक्ति के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत 7 दिवसीय आवासीय शिविर का हुआ समापन

## समाज सेवा के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं : डॉ. व्यास

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय नर्दापुरम की एनएसएस इकाई के 7 दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के समापन अवसर पर शिविर नायक पूजा गोस्वामी एवं शहनायक शिवानी धुर्वे के सहयोग से नियमित दिनचर्या के अंतर्गत प्रभात फेरी निकाली गई और परियोजना कार्य के अंतर्गत गांव के मुख्य चौराहा पर साफ सफाई की गई और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय आवासीय शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. हंसा व्यास, विशेष अतिथि बाबा प्रसाद दास, शिवमंगल सिंह चौहान एडवोकेट, डॉ डी.एस. खत्री जिला संगठक ने सम्माननीय मंच पर अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद का माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं लक्ष्य गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। अतिथियों का स्वागत लोक सांस्कृतिक परंपरा के द्वारा गोंडी नृत्य एवं गीत गाते हुए ढोलक बजाते हुए किया गया।



इस अवसर पर बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से छात्राओं में अनुशासन सेवा भाव की भावना जागृत हुई है। छात्राओं द्वारा ग्राम में बहुत अच्छे कार्य किए गए हैं एवं इनमें और बहुत अच्छे कार्य करने की क्षमता है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को आगे भी इसी तरह से प्रेरित करने हेतु मार्गदर्शन दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. हंसा व्यास ने स्वयं सेविकाओं द्वारा ग्राम में किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि समाज सेवा के माध्यम से हम अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं ।नर्मदा आश्रम के बाबा प्रसाद दास द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र के साथ सामुदायिक सेवा के उद्देश्य को पूर्ण करने का कार्य इन 7 दिवसों में स्वयं सेविकाओं द्वारा किया गया जिससे ग्राम डोंगरवाड़ा में एक परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। समाजसेवी एवं एडवोकेट शिवमंगल सिंह चौहान द्वारा बताया गया कि व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ समाज के प्रति भी छात्राओं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है जिससे सशक्त और मजबूत समाज की स्थापना हो सकेगी।

डोंगरवाड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर में ग्राम के सरपंच माखन कीर का विशेष योगदान रहा। ग्रामवासी रामभरोस जी ने भी शिविर के दौरान अपना सहयोग दिया। महाविद्यालय की शिक्षिका कुमारी सौम्या चौहान का भी राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय शिविर में विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ.रागिनी सिकरवार, डॉ घनश्याम डहेरिया, रफीक अली, डॉ रीना मालवीय, श्रीमती अंकिता तिवारी, कुमारी श्वेता वर्मा, कुमारी कनक, ग्रामवासी स्कूली छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी, सहायिका कार्यकर्ता, ग्राम छात्रा चंद्रिका आदि उपस्थित रहे।





# संत तारण-तरण की तपोभूमि पर देश भर से आए जैन श्रद्धालु

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

तारण तरण दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र निसई सेमलखेड़ी में बसंत मेले के पहले दिन कई राज्यो से लोगों का आना हुआ। दिनभर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु आते रहे। प्रतिबर्ष अनुसार इस बर्ष भी तपोभूमि पर भव्य कार्यक्रम आयोजित जा रहा है।सोमबार को प्रातः प्रभात फेरी भाव पूजा, मंत्र, जाप, वृहद मंदिर विधि, प्रवचन एवं मंगल कलशों की दान भावना एंव भव्य जिनवाणी आस्थाप आकर्षक का केन्द्र बनी।



**मेला में बिखरी सांस्कृतिक छंटा** – सोमवार को दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा यहां प्रभात फेरी, मैं एक अलग ही उत्साह देखने को मिला अपनी अपनी वेशभूषा में हर आयु वर्ग के लोग एक साथ चल रहे थे इस दौरान महिलाएं एवं पुरूष मंगल गीत गाते हुए क्रमबद्ध रूप से चल रहे थे। देररात्रि आयोजक परिवार एवं गुरूकुल के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समाजजन मौजूद रहे। तीन दिवसीय बंसत मेला में कई राज्यों के लोग पहुचे है जो मेले के दूसरे दिन आज दोपहर निकाली जाने वाली भव्य जिनवाणी पालकी शोभायात्रा में शामिल होते है। मंगलवार को दोपहर शोभायात्रा निकल जाएगी

### अधिकारियों की मिलीभगत से मरीजों की जान से खिलवाड़

# किराए की डिग्रियों से झोलाछाप चला रहे अस्पताल

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**शहर में झोलाछाप डाक्टरों के सामने प्रशासन बौना पड़ गया है। झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से अस्पताल सजाकर चलाने में मस्त हैं। कोरोनाकाल में भी इन फर्जी डॉक्टरों ने मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर मोटी रकम ऐंठी है। मरीज चाहे उल्टी, दस्त, खांसी, बुखार या डेंगू जैसी गम्भीर बीमारियों से पीड़ित हो या अन्य कोई बीमारी, सभी बीमारियों का इलाज ये झोलाछाप डॉक्टर करने को तैयार हो जाते हैं। मरीज की हालत बिगड़ती है तो उसे आनन-फानन में भोपाल जाने की सलाह दी जाती है।**

## बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा -

झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा बिना पंजीयन के एलोपैथी चिकित्सा व्यवसाय ही नहीं किया जा रहा है बल्कि बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण व विक्रय भी अवैध रूप से किया जा रहा है। दुकानों के भीतर कार्टन में दवाओं का अवैध तरीके से भंडारण रहता है। इन दिनों मौसमी बीमारियों का कहर है। झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानें मरीजों से भरी पड़ी हैं। ठंड बढ़ने के कारण इन दिनों सर्दी, जुखाम, दस्त, बुखार जैसी बीमारियां ज्यादा पनप रही हैं। झोलाछाप इन मरीजों का इलाज ग्लूकोज की बोतलें लगाने से शुरू करते हैं। बोतल चढ़ाने के लिए इनकी फीस 500 से 700 रुपये तक होती है।

## एलोपैथिक दवाओं का स्टॉक

शहर में कई ऐसे डॉक्टर्स हैं, जो बिना डिग्रियों के साथ इलाज कर रहे हैं। बकायदा उनके पास एलोपैथिक दवाओं का स्टॉक है, यह जांच का विषय है। जब डॉक्टर अधिकृत ही नहीं है कि वह अंग्रेजी दवाओं से इलाज कर सके तो उसके पास दवाओं की सप्लाई कैसे हो रही है, यह देखने वाली बात है।




**इन डॉक्टरों से किस तरह का खतरा** – अंग्रेजी दवाओं का झोलाछाप डॉक्टरों को अनुभव नहीं होता। इसलिए कई ऐसे केस सामने आ चुके हैं जिनमें मरीजों को गलत दवाएं दी गई है, जिससे उनकी जान भी चली जाती है। इसलिए ऐसे चिकित्सकों पर प्रशासनिक कसावट जरूरी है। जब इस तरह की खबरों पर विभागीय अधिकारियों से बात की जाती है तो इनके पास वही रटा-रटाया जवाब होता है, जांच की जाएगी।

**कागजों में एमबीबीएस इलाज कर रहे झोलाछाप** – एमबीबीएस डॉक्टर ही अस्पताल का पंजीकरण करा सकता है। ऐसे में कुछ लोग एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री लगाकर पंजीकरण करा लेते, जिसके बदले में संबंधित डॉक्टर द्वारा अस्पताल संचालक से महीने व साल में धनराशि वसूली की जाती है। क्षेत्र के भोले भाले लोग एमबीबीएस से अस्पताल में इलाज करने जाते हैं लेकिन यहां इलाज झोलाछाप ही करते है।

**यह है अस्पताल का मानक** – रजिस्ट्रेशन एमबीबीएस डिग्री धारक डॉक्टर के नाम पर होता है। प्रसव के लिए एमबीबीएस महिला डॉक्टर या फिर प्रशिक्षित स्टाफ नर्स, फायर बिग्रेड और प्रदूषण बोर्ड से एनओसी, बिल्डिंग का नक्शा, किराया नामा या मालिकाना हक, कचरा प्रबंध के लिए अलग अलग रंग की बाल्टी आदि होनी चाहिए। मेडिकल स्टोर होने की स्थित में उसका भी पंजीकरण होना चाहिए।

## ठंडे बस्ते में गया फर्जी अस्पताल के खिलाफ शुरू हुआ अभियान

फर्जी अस्पतालों के निरीक्षण के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में एक अभियान शुरू किया गया था लेकिन यह अभियान औपचारिकता बनकर रह गया हैरान कर देने वाली बात तो यह है कि अधिकांश अस्पताल व क्लिनिको को सील किया गया था और वहीं अस्पताल अब संचालित हो रहे हैं।

## पैसा सबको बराबर जाता है

उक्त मामले को लेकर जब हमारी टीम ने पड़ताल की तो एक डॉक्टर ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया ड्रग इंस्पेक्टर से लेकर बीएमओ सीएमएचओ हर एक अधिकारी के लिए पैसा जाता है ऐसे ही मुख्य रोड पर खोलकर नहीं बैठे यह गंभीर विषय है हालांकि हम इसकी पुष्टि नहीं करते लेकिन जांच का विषय है आखिर वह कौन से अधिकारी है जिनके संरक्षण में शहर में आज आधा दर्जन से अधिक फर्जी अस्पताल संचालित हो रहे हैं।

## इनका कहना है -

*शहर के अधिकांश हॉस्पिटलों में 10वीं 12वीं फेल लोग काम कर रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र की भोली भाली जनता से मनमाना पैसा बटोरा जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की यह बड़ी लापरवाही है आखिर कार्रवाई क्यों नहीं करते यह सब देखकर ऐसा लगता है कि बंदर वाट का काम चल रहा है।*

***दयाराम लोधी,** जनपद सदस्य सिरोंज*

*स्वास्थ्य विभाग के नियमों के साथ-साथ इन अस्पतालों में काम करने वाले लोगों की डिग्री देखनी चाहिए क्योंकि 2 से 4 हजार महीने देकर 10वीं 12वीं के छात्रों से उपचार कराया जाता है।*

***लखन कुर्मी**, सामाजिक कार्यकर्ता सिरोंज*

*पूर्व में पड़ताल कराई गई थी हमने पूरा प्रतिवेदन बनाकर भोपाल भेजा है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।*

***योगेश तिवारी**, जिला स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा*

# केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह

## छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक गीतों एंव मनमोहक डांस की प्रस्तुति



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के कष्टम पथ स्थित केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 11वी के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11वीं के छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर की। इस अवसर पर केडीबीएम स्कूल संचालिका श्रीमती श्वेता आनंद त्यागी, चेयरमैन आनंद त्यागी, कॉलेज प्राचार्य शांताराम मराठा, स्कूल प्राचार्य मनोज तिवारी द्वारा मां सरस्वती जी को दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मनोज तिवारी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सपनों की उड़ान होना बहुत जरूरी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। वही कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गीतों के द्वारा बहुत ही मनमोहक डांस की प्रस्तुति दी। साथ ही इस बीच कई गेम्स का आयोजन भी किया गया,जिसमें कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने सुंदर उपहार भी जीते। विद्यालय की संचालिका श्रीमती श्वेता आनंद त्यागी द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में अनुशासन के द्वारा आप अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं और सभी छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम की अग्रिम शुभकामनाएं दी। विदाई कार्यक्रम के अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र मानस चैरसिया मिस्टर केडीबीएम रहे एवं नैंसी शर्मा मिस केडीबीएम रही। विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षकों द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की।

# सरकार का नहीं कोई डर नया आदेश भी बेअसर, ध्वनि प्रदूषण बेलगाम




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नई नवेली प्रदेश सरकार का 13 दिसंबर को डीजे साउण्ड सिस्टमों एवं लाउड स्पीकर के द्वारा फैल रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर शोर कम करने के लिऐ आदेश जारी किया गया था,परंतु महज दो महीने में नई नवेली सरकार के आदेश की हवा निकल गई। क्योंकि बिना किसी डर के जिस तरह से डीजे साउण्ड संचालकों द्वारा उनका संचालन किया जा रहा है और फुल डिसेबल में बजा कर ध्वनि प्रदूषण फैलाया जा रहा है। और प्रशासन में बैठे हुऐ जिम्मेदारों का नाही दिखाई दे रहा है और नाही सुनाई दे रहा है, ऐसा लग रहा है मानो जैसे आंखें बंद कर के जिम्मेदार कानों में रुई लगा कर बैठे हुऐ हैं। ऐसा लगता है हालात देखकर मानो जैसे कि अप्रत्यक्ष रूप मिल रहे संरक्षण में डीजे साउण्ड संचालक अपनी मनमानी कर रहे हैं। शहर में शादियों से लेकर शोभायात्राओं में 500 डेसीबल से ज्यादा शोर हो रहा है, इस के बाद भी प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है।

डीजे लाउडस्पीकर और बैंड बाजों के शोरगुल से तेज वाइब्रेशन होता है, इससे बच्चे मरीज और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ बच्चों की परीक्षायें भी चल रही है,शाम को बारातें निकलते समय डीजे का शोर लोगों को सबसे ज्यादा परेशान करता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ लेते ही कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत नया आदेश जारी किया गया था,जिसमें कहा गया था कि जुलूस जलसों में लाउडस्पीकर वाले दो स्पीकर और डीजे वाले सिर्फ दो वाक्स ही बजा सकेंगे। लेकिन 2 महीने का समय बीत जाने के बाद भी कोई भी डीजे और लाउडस्पीकर वाला इस का पालन नहीं कर रहा हैं। कलेक्टर ने गठित किऐ थे उड़ान दस्ते राज्य सरकार से आदेश मिलने के बाद कलेक्टर उमाशंकर ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिये तहसीलदार उड़ान दस्ते गठित कर दिये थे। तेज आवाज में डीजे और लाउड स्पीकर बजाने वालों की मानीटरिंग करने के लिये तहसीलवार अधिकारियों जिम्मेदारी सौंप गई थी, संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार को संबंधित क्षेत्र के लिये जिम्मेदार बनाया गया था। अनुभाग स्तर पर एसडीएम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग के लिये एडीएम को जिम्मेदारी दी गई थी। लेकिन उड़नदस्तों का ना तो औचक निरीक्षण हो रहा है।

# ग्राम रंगई में आनंद विभाग की कार्यशाला



**सिरोंज।** विदिशा सोमवार को ग्राम रंगई के माध्यमिक शाला भवन में राज्य आनंद संस्थान भोपाल के तत्वाधान में टीम आनंदक द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया इस कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं स्वयं सहायता समूह की 49 महिलाओं ने सहभागिता की कार्यक्रम की शुरुआत में मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव द्वारा राज्य और संस्थान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए संस्थान का परिचय दिया तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर अंजना श्रीवास्तव द्वारा जीवन का लेखा-जोखा एवं आत्म अवलोकन सत्र का संचालन किया गया कार्यक्रम में आनंदम सहयोगी शोभा तिवारी ने अपने अनुभवों के माध्यम से आनंदित रहने की वीधियो के बारे में अवगत कराया अंत में सेक्टर अधिकारी संगीता सूर्यवंशी ने उपस्थित सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

# स्वच्छता रहेगी तो हम स्वस्थ्य रहेंगे, पर्यावरण को बढ़ावा देने एक पौधा अवश्य लगाए: श्वेता आनंद त्यागी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी दो दिवसीय दौरे के दौरान ग्राम पामाखेडी पहुंची। यहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर केंद्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं को न केवल विस्तार से बताया बल्कि इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी बांटे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले दस साल से केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार विकास के नए आयाम गड़ रही हैं। जिससे देश न केवल विकसित राष्ट्रों की सूची में शामिल हो गया है, बल्कि तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भी अग्रसर है।



## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लिया फीड बैक

इस अवसर पर रात्रि विश्राम के बाद श्रीमति त्यागी ने प्रभातफेरी में भाग लिया। वही उन्होंने ग्रामीणो से मुलाकत की और सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में फीड बैक लिया और बूथ समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। इसके अलावा इन बूथों की वोटर लिस्ट का पुननिरीक्षण भी किया। साथ ही नमो एप से लोगो को जोड़ा और धार्मिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। वही ग्राम के संकट मोचन हनुमान मंदिर,रामजानकी मंदिर,भैरो बाबा मंदिर आदि धार्मिक स्थलों पर जाकर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और शाम को प्रतिदिन चल रही रामायण पाठ में शामिल हुई। घर-घर जाकर प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस मौके पर श्रीमति त्यागी ने कहा कि लोगों से मिले सुझाव और विशेषकर मातृशक्ति के चेहरों पर सरकार के कामकाज के प्रति दिखे संतुष्टि के भाव से नई ऊर्जा प्राप्त हुई और उनसे मिले असीम स्नेह व आशीर्वाद से मन अभिभूत हूँ। साथ ही पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर माल्यापर्ण कर मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में बूथ सयोंजक भैरो सिंह कुर्मी पंचायत सयोंजक मुकेश पटेल, भगीरथ कुर्मी, पूर्व सरपंच रामबाबू शर्मा, लक्ष्मण सिंह, बेनीराम सिंह, भगवत शर्मा, रंधीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर किया दीवार लेखन



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा सभी सांसदों और विधायकों को गांव चलो अभियान के तहत एक रात ग्रामीणों के साथ बिताने के निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देश के तहत भाजपा प्रदेष कार्यालय मंत्री श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी ने ग्राम पामाखेडी पहुची और उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर दीवार लेखन किया। साथ ही संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, भैरो बाबा मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को भी बढ़ावा दिया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि हमारे आसपास स्वच्छता रहेगी तो हम स्वस्थ्य रहेंगे। प्रत्येक ग्रामीण को पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। डॉ राकेष भार्गव ने नेत्रदान में सहयोग के लिए समाजसेवी का किया आभार व्यक्त,सहयोग के लिए आम नागरिको से की अपील।

# कांग्रेस का कचरा समेट रही हैं भाजपा: विनोद सेन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट व केश शिल्पी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष विनोद सेन ने भाजपा द्वारा लगातार करवाये जा रहे दलबदल को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी ओछी हरकतों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस का कचरा समेट रही है। इस लिहाज से भाजपा को डस्टबिन की उपाधी दी जाना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विनोद सेन ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल में दो किस्म के नेता और कार्यकर्ता होते हैं। एक वे जिन्हें पार्टी की जरूरत होती है और दूसरे वे जिनकी जरूरत पार्टी को होती है। ऐसी विषय स्थितियों में जो नेता और कार्यकर्ता पार्टी विचारधारा को समर्पित होते हैं, वे विषम से विषम परिस्थितियों में पार्टी के लिए अपना बलिदान तक देने के लिए तत्पर रहते हैं। दूसरी तरफ वे लोग होते हैं जिनका सरोकार विचारधारा से न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने धंधेबाजी और स्वार्थपूर्ति के लिए होता है। ऐसे लोग यदि पार्टी से चले जाते हैं तो बेहतर ही होगा। भाजपा स्वार्थियों के दलबदल को यदि अपनी उपलब्धि मान रही है तो वह गलतफहमी में है। ऐसे लोग, जो कांग्रेस के नहीं हुये, भाजपा के भी नहीं होंगे, उन्हें भविष्य में भाजपा कितना सम्मान देगी आने वाले दिनों में पता चल जायेगा। श्री सेन ने कहा कि भाजपा में शामिल हुये कुछ लोग ऐसे हैं जिनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भाजपा से ही ताल्लुक रखती है, उनके परिजन भाजपा से संबद्ध हैं, कुछ लोगों को पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ने के आरोपों के कारण कांग्रेस पार्टी ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था तो कुछ लोग ईडी और आयकर के डर से भाजपा के चरणचुंबक बनने की कोशिश कर रहे हैं तो कुछ लोग अपने धंधों को संरक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से अपनी वल्दियत में परिवर्तन कर रहे हैं, उन्हें हमारी शुभकामनाएं।

**मेट्रो एंकर**

### दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर दी श्रद्धांजलि

# दीनदयाल जी के सपने को साकार कर रही है मोदी सरकार: विधायक उमाकांत शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एकात्म मानववाद व अंत्योदय के कल्याण के लिए पंक्ति के अंतिम छोर तक के व्यक्ति के कल्याण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा देखे गये सपने को केंद्र की मोदी सरकार आज साकार रूप दे रही है समाज के सभी वर्गो को विकास की मुख्य धारा से जोडने का काम यदि किसी ने किया है तो वह मोदी सरकार ने किया है उक्त बात क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। रविवार देर शाम वह वार्ड क्रमांक एक के बूथ क्रमांक 193 पर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुँचे थे। इस दौरान बूथ के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की आज का दिन समर्पण और बलिदान का दिन आज ही के दिन भाजपा के पितृपुरूष के रूप में पहचाने वाले पंडित दीनदयाल जी की हत्या की गई थी लेकिन उनका बलिदान व्यर्थ नही जाएगा उन्होने जो बीज बोया था वह आज प्रस्फुटित हो गया है और उन्ही के विचार पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने वार्ड क्रमांक एक को गोद लेने की भी घोषणा करते हुए वार्ड का भ्रमण भी किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता संतोष चैरे ने भी संबोधित किया इस दौरान बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।





## बुजूर्ग मतदाताओ का किया सम्मान, नवमतदाताओ से की चर्चा

वही कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा उपस्थित बुजूर्ग मतदाताओ का उत्तरीय उडाकर स्वागत कर नवमतदाताओ से चर्चा की। युवाओं को मतदान के महत्व से भी अवगत कराते हुए कहा कि आपका एक वोट सरकार बनाने की ताकत रखता है अभी आप युवा है यदि अपनी शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगायेंगे तो निश्चित ही बडी सफलतायें आपको मिलेंगी लेकिन इसी उम्र अधिकांश लोग भटक जाते कई लोगो को तो छोटी उम्र से नशे आदि की लत लग जाती है जिसके परिणाम भी बहुत भयावह देखने को मिलते है वही उन्होने सभी से अपील करते हुए कहा कि आज सभी लोगो को नशा छोडने की आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी वह पार्टी जो सामान्य व्यक्ति को शिखर तक पहुंचाने वाली पार्टी जिसके अनेक उदाहरण हम सबने देखे है आज प्रधानमंत्री आवास, टोंटी वाले नल से जल, सडको का जाल यह सब हमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने दिया है उपस्थित कार्यकर्ताओ के प्रति कृतज्ञ होते हुए उन्होनें कहा कि आप लोगो ने मुझे विधानसभा में भारी मतों से विजय बनाया था अब आगामी लोकसभा चुनाव में भी इस पोलिंग बूथ से जीत का प्रतिशत बढ़ना चाहिए इसके लिये जो संभव प्रयास वह हम सब मिलकर करेंगे।

अबू धाबी ओपन टेनिस टूर्नामेंट

# रयबाकिना ने कसाटकिना को पछाड़ अबू धाबी खिताब जीता

**मेलबर्न, एजेंसी**

शीर्ष वरीयता प्राप्त ऐलेना रयबाकिना ने अबू धाबी ओपन के फाइनल में रूसी डारिया कसाटकिना पर 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की और सीजन की अपनी दूसरी और कुल सातवीं ट्रॉफी जीती। विंबलडन चैंपियन ने शुरुआती ब्रेक हासिल करने के लिए स्टेडियम कोर्ट पर आम तौर पर प्रभावी तरीके से प्रतियोगिता शुरू की, लेकिन सातवीं वरीयता प्राप्त कासाटकिना ने अपने ही एक के साथ पलटवार किया और उग्र परिस्थितियों में फिर से पिछड़ गई। रयबाकिना ने बड़ी सर्विस के दम पर 5-1 की बढ़त हासिल की, जबकि कसाटकिना को निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा और 24 वर्षीय ब्रिस्बेन चैंपियन ने शुरुआती सेट 25 मिनट में समाप्त कर दिया, जब उनके प्रतिद्वंद्वी ने फोरहैंड वाइड भेजा। यह जोड़ी अपनी चार बैठकों को विभाजित करने के बाद प्रतियोगिता में आई थी - सभी हार्डकोर्ट पर - और एडिलेड उपविजेता कसाटकिना ने अगले सेट में लगातार बेसलाइन हिटिंग और आश्चर्यजनक विजेताओं के साथ दो ब्रेक वापस लेने के लिए काफी संघर्ष दिखाया। 4-4 के स्तर पर, रयबाकिना ने 26 वर्षीय कसाटकिना को क्रॉसकोर्ट स्कोरर से तोड़ने के लिए गर्मी बढ़ा दी और मॉस्को में जन्मे कज़ाख ने थोड़ी बारिश की देरी के बाद सर्विस पर जीत हासिल करने के लिए वापसी की।

### माटेक-सैंड्स का 29वां करियर युगल खिताब

सोफिया केनिन और बेथानी माटेक-सैंड्स ने फाइनल में लिंडा नोस्कोवा और हीथर वॉटसन को 6-4, 7-6 (7-4) से हराकर युगल खिताब जीता। यह खिताब माटेक-सैंड्स का 29वां करियर युगल खिताब है और 2023 सियोल के बाद पहला खिताब है। केनिन के लिए यह सिर्फ तीसरा युगल खिताब है और माटेक-सैंड्स के साथ 2019 बीजिंग जीतने के बाद पहला। पहले सेट में केवल दो विनर लगाने के बाद, कसाटकिना दूसरे सेट में अधिक अवसरवादी हो गई और रयबाकिना को 4-4 से बराबरी पर ला दिया, लेकिन रयबाकिना ने ज़बरदस्त रिटर्न गेम से कसाटकिना की बढ़त को ख़त्म कर दिया और पांचवीं और अंतिम बार 5-4 से बराबरी कर ली। थोड़ी बारिश की रुकावट के बाद जब रयबाकिना ने 5-4, 30-ऑल पर सर्विस की, 2022 विंबलडन चैंपियन ने खेल फिर से शुरू किया और जीत हासिल की। इस जीत से कसाटकिना के खिलाफ रयबाकिना का रिकॉर्ड 3-2 हो गया। उसने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं।



सीरीज का तीसरा और अहम मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा

# राजकोट की पिच पर स्पिनर्स को मदद बल्लेबाजों के हाथ भी नहीं लगेगी निराशा

**राजकोट, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है. सीरीज का तीसरा और अहम मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होने जा रहा है. राजकोट में खेले जाने वाले मुकाबले की पिच पर स्पिनर्स का जलवा देखने को मिल सकता है. स्पोर्ट्स तक की रिपोर्ट के मुताबिक राजकोट की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार होगी. हालांकि बल्लेबाजों को भी इस पिच पर रन बनाने का मौका मिल सकता है। तीसरे टेस्ट की तैयारी के लिए दोनों ही टीमें राजकोट पहुंच चुके हैं. दूसरे और तीसरे टेस्ट में 10 दिन का ब्रेक था. इस बीच इंग्लैंड की टीम आबू धाबी चली गई थी, जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने घर पर जाकर आराम किया. लेकिन अब खिलाड़ियों ने तीसरे टेस्ट मैच के लिए कम कस ली है. इंग्लैंड की टीम को हालांकि स्टार स्पिनर्स जैक लीच के बाहर होने की वजह से तगड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड ने युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए लीच के रिप्लेसमेंट का एलान नहीं किया है।



### अभी तक बराबरी की टक्कर

स्पोर्ट्स तक से बात करते हुए बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, राजकोट की पिच टेस्ट मैच के लिए बेहतरीन विकेट साबित होने वाली है. जैसे जैसे मैच आगे बढ़ेगा पिच पर स्पिनर्स का बोलबाला होगा. लेकिन गेंदबाजों के अलावा इस पिच पर बल्लेबाजों के लिए भी बहुत कुछ होगा. किसी को भी पिच से निराशा नहीं मिलने वाली है. लेकिन पिच पर स्पिनर्स के लिए मदद थोड़ी ज्यादा होगी. दोनों टीमों के बीच कड़े मुकाबले की टक्कर है. अभी तक इंग्लैंड की टीम ने सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है. बता दें कि तीसरा टेस्ट मैच 15 से 19 फरवरी तक चलेगा. इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच जीतकर सभी को हैरान कर दिया था. लेकिन दूसरे टेस्ट में टीम इंडिया ने जोरदार वापसी की और जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की. फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबरी पर है. तीसरे टेस्ट में दोनों ही टीमों की नजर जीत हासिल कर बढ़त बनाने पर होगी।

### राजकोट में रविचंद्रन अश्विन के नाम दर्ज है कई रिकॉर्ड

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिहाज से यह टेस्ट काफी ज्यादा महत्वपूर्ण होने वाला है। दोनों ही टीम यह टेस्ट अपने नाम कर सीरीज में बढ़त बनाना चाहेंगी। हालांकि राजकोट में भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के नाम एक खास रिकॉर्ड है, जिसके बारे में जानकर अंग्रेजों की टेंशन जरूर बढ़ जाएगी। अश्विन अन्ना को राजकोट में खेलना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। भारतीय टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को विश्व की किसी भी पिच पर खेलना वैसे ही मुश्किल है। उनके पास अपनी गेंदबाजी में इतनी वेरिएशन है कि बल्लेबाज को समझ ही नहीं आता कि कब कौनसी गेंद आने वाली है। वहीं राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम उनको और भी ज्यादा रास आता है।



### जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास

सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में रविचंद्रन अश्विन हाइएस्ट विकेट टेकर हैं। उनके नाम 9 विकेट हैं। राजकोट की पिच उन्हें काफी ज्यादा भाती है। ऐसे में वह आगामी टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। राजकोट में रैंक टर्नर की उम्मीद की जा रही है। आपको बता दें कि सौराष्ट्र क्रिकेट स्टेडियम में अब तक भारतीय टीम ने दो टेस्ट मैच खेले है। पहला टेस्ट 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था जोकि ड्रॉ रहा था। वहीं दूसरा टेस्ट 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था जिसमें टीम इंडिया ने एक पारी और 272 रन से जीत दर्ज की थी।

**तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वाड:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, केएस भरत, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

खराब प्रदर्शन के चलते ड्रॉप किया

# श्रेयस अय्यर लगातार टेस्ट क्रिकेट में हो रहे फेल



**मुंबई, एजेंसी**

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन टेस्ट मैचों से ड्रॉप किया गया है. पहले ऐसी खबरें थीं कि अय्यर चोटिल होने की वजह से आखिरी तीन टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे. लेकिन अब यह साफ हो गया है कि अय्यर को खराब प्रदर्शन के चलते ड्रॉप किया गया है. टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने वो वजह बताई है जिसके चलते अय्यर टीम इंडिया से बाहर हो गए. अय्यर पिछली 13 टेस्ट पारियों में एक बार भी फिफ्टी नहीं लगा पाए. इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई चार पारियों में अय्यर ने 27, 29, 35 और 13 रन की पारी खेली. तीन मौकों पर अय्यर की शुरुआत अच्छी रही. हालांकि अय्यर हर बार अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम साबित हुए. संजय मांजरेकर ने अय्यर को सलाह कि अगर वो टेस्ट में जगह पक्की करना चाहते हैं तो डिफेंस पर काम करने की जरूरत है।

### 'तय करना होगा कि वो कौन सा फॉर्मेट खेलना चाहते हैं'

मांजरेकर ने कहा, अय्यर को तय करना होगा कि वो कौन सा फॉर्मेट खेलना चाहते हैं. अय्यर की दिलचस्पी टेस्ट क्रिकेट खेलने में है तो डिफेंस पर काम करना होगा. फिर चाहे मामला स्पिन का हो या फिर तेज गेंदबाजी का. अय्यर को गेम पर काम करना होगा. प्रेशर की स्थिति में आप सिर्फ अटैकिंग गेम खेलकर बच नहीं सकते हैं. आपके पास डेफिंस होना चाहिए मुकाबला करने के लिए। बता दें कि रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि अय्यर चोटिल हो गए हैं. लेकिन बीसीसीआई की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज में अय्यर के चोटिल होने का जिक्र नहीं किया गया. इससे यह साफ हो गया है कि श्रेयस अय्यर को खराब प्रदर्शन के चलते टीम इंडिया से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।



मेट्रो बाजार

# शेयर बाजार: सेंसेक्स 71300 के करीब, निफ्टी 21664 पर ओपन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में आज तेजी के साथ कारोबार की शुरुआत हुई है और मिडकैप शेयरों की तेजी से बाजार को ओपनिंग में सपोर्ट मिला है. सुबह 10 बजे तक निफ्टी बैंक में नीचे से करीब 450 अंकों का उछाल देखा गया है. इस समय पर 364 अंकों के उछाल के साथ बैंक निफ्टी 45264 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था. निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में आज आईटी, मीडिया, मेटल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर्स में गिरावट बरकरार है. सबसे ज्यादा बैंक और फाइनेंशियल शेयरों में उछाल बना हुआ है और ये 0.80-0.81 फीसदी ऊपर हैं. हेल्थकेयर इंडेक्स में 0.75 फीसदी की तेजी देखी जा रही है. सुबह 10 बजे बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर उछाल के साथ कारोबार कर रहे थे और 10 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है. वहीं इसी समय पर एनएसई के 50 में से 33 शेयर उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं और 17 शेयरों में गिरावट के साथ ट्रेड देखा जा रहा है. बीएसई का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स 219.59 अंक या 0.31 फीसदी की उछाल के बाद 71,292 के स्तर पर खुला है. वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 48.25 अंक या 0.22 फीसदी की हल्की तेजी के साथ 21,664 के लेवल पर ओपन हुआ है. बैंक निफ्टी में आज अच्छी तेजी देखी जा रही है और इसकी ओपनिंग में टॉप गेनर्स को लीड एसबीआई कर रहा था लेकिन बाजार खुलने के 15 मिनट बाद आईसीआईसीआई बैंक बैंक निफ्टी स्टॉक्स में टॉप पर है. बैंक निफ्टी के 12 में से 4 शेयर ही इस समय तेजी पर कारोबार कर रहे हैं. शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.00 पर स्थिर दिखाई दे रहा है. स्टॉक मार्केट की प्री-ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 235.38 अंक या 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 71307 के लेवल पर बना हुआ था. एनएसई का निफ्टी 52 अंक या 0.24 फीसदी की बढ़त के साथ 21668 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था।



# औद्योगिक उत्पादन: 3.8 फीसदी बढ़ा प्रोडक्शन

**मुंबई, एजेंसी।** देश में औद्योगिक उत्पादन में उछाल आया है. सरकार द्वारा जारी आंक?ों के मुताबिक, दिसंबर, 2023 में औद्योगिक उत्पादन में 3.8 फीसदी का उछाल आया है. एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 5.1 फीसदी बढ़ा था. इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन इस अवधि में 151.5 पर पहुंच गया है. हर 6 हफ्तों में जारी होने वाला यह आंकड़ा दर्शाता है कि देश में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आई है. आईआईपी के आधार पर जारी किया गया है. जनवरी 2024 के लिए इंडेक्स मंगलवार, 12 मार्च को जारी किया जाएगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आधिकारिक बयान से पता चलता है कि दिसंबर, 2023 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रोडक्शन 3.9 फीसदी बढ़ा, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3.6 फीसदी था. दिसंबर, 2023 में माइनिंग उत्पादन 5.1 फीसदी और इलेक्ट्रिसिटी उत्पादन 1.2 फीसदी की दर से बढ़ा है. इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में आईआईपी की कुल वृद्धि दर 6.1 फीसदी रही है. एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 5.5 फीसदी रहा था। यह आंकड़े देशभर की फैक्ट्री और प्रोडक्शन यूनिट से इकट्ठे किए जाते हैं. ये सभी त्वरित अनुमान हैं. इनमें आगे आईआईपी की संशोधन नीति के अनुसार बदलाव किया जाएगा. उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, प्राइमरी गुड्स में 1.5 फीसदी, कैपिटल गुड्स में 1.03 फीसदी, इंटरमीडिएट गुड्स में 1.59 फीसदी और इंफ्रास्ट्रक्टर एवं कंस्ट्रक्शन गुड्स में 1.77 फीसदी रहा है।



मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# सलमान ने करीना की शादी पर कहा था- गलत खान से शादी...



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान दिवाली के मौके पर टाइगर 3 लेकर आए थे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी. टाइगर 3 की सक्सेस के बाद सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म द बुल की तैयारी में बिजी हैं. इस फिल्म को विष्णुवर्धन डायरेक्ट कर रहे हैं. जहां सलमान एक तरफ फिल्म की तैयारी में बिजी हैं वहीं इस बीच उनका एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है. जिसमें सलमान खान ने सैफ अली खान और करीना कपूर की शादी पर रिएक्ट किया था. सलमान खान के शो बिग बॉस के सीजन 6 में करीना कपूर फेविकॉल से गाने को प्रमोट करने के लिए गई थीं. ये साल 2013 की बात है जब सैफ अली खान से करीना की शादी हो चुकी थी.

### सलमान ने ऐसे किया था रिएक्ट

सैफ अली खान और करीना कपूर साल 2012 में शादी के बंधन में बंधे थे. उसके बाद बिग बॉस में करीना फेविकॉल से गाने को प्रमोट करने के लिए गईं थीं. जहां सलमान ने उनसे पूछा कि %क्या उनके पास सैफ के लिए कोई मैसेज है? करीना उसके बाद सलमान से कहती हैं कि हाय सैफ. सलमान इसके बाद मजाक में हाय कहा. उसके बाद कहते हैं- गलत खान से शादी करली आपने।

### शादी के बारे में कही थी ये बात

डर्टी मैंगजीन से बात करते हुए करीना ने एक बार कहा था- अब आप इसलिए शादी करते हैं क्योंकि आपको बच्चे चाहिए होते हैं, राइट? मतलब आज, नहीं तो आप लिव-इन में रह सकते हैं. मैं और सैफ भी पांच साल तक साथ रहे थे. हमने अगला कदम तब लिया क्योंकि हम दोनों को बच्चे चाहिए थे. करीना कपूर और सैफ अली खान अब दो बच्चों के पेरेंट्स ही हैं. उनका बड़ा बेटा तैमूर अली खान और छोटा जेह अली खान. करीना अपने दोनों बच्चों के साथ आए दिन फोटोज भी सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। बता दें करीना कपूर और सलमान खान कई फिल्मों में साथ में काम कर चुके हैं. जिसमें बॉडीगार्ड, बजरंगी भाईजान व मी और मिसेज खन्ना शामिल हैं।

# 'एनिमल' जैसी फिल्म करना चाहती हैं हुमा कुरैशी, कहा- मुझे एक्शन और म्यूजिक बहुत पसंद आया...



संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी फिल्म एनिमल को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा. कई लोगों का दावा था कि इस तरह की वॉयलेंस और टॉक्सिक मस्कुलैनिटी वाली फिल्मों को बॉयकॉट किया जाना चाहिए. यहां तक कि फिल्मी जगत के कई दिग्गजों ने भी फिल्म के लेकर आपत्ति जाहिर की थी. वहीं अब हुमा कुरैशी ने रणबीर कपूर स्टारर फिल्म को सपोर्ट किया है. हुमा ने कहा- मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया. मुझे मर्दानगी, एक्शन और म्यूजिक बहुत पसंद आया. यह एक बहुत ही क्राफ्टी फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए और एक ऑडियंस के तौर पर ये आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं. हुमा ने आगे कहा- मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं. मुझे लगता है, बतौर एक्टर किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनना बहुत इंटेरेस्टिंग है जो इतना डिस्ट्रक्टिव है. मैं इसे इसी तरह रखूंगी. हुमा कहती हैं कि जब वे वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट या भड़कीली फिल्में देखती हैं और एक जानवर देखती हैं तो उन्हें ऐसा महसूस होती है कि एक एक्टर होने के नाते कोई ऐसा रोल निभाना बहुत एक्साइटिंग है।

# 'पोचर' वेब सीरीज: हाथी की हत्या से सिहर गई आलिया भट्ट, बोलीं- मर्डर इज मर्डर!



आलिया भट्ट की वेब सीरीज 'पोचर'से उनकी पहली झलक सामने आई है। वो कह रही हैं कि मर्डर कोई भी हो, वो मर्डर ही होता है। भले ही अशोक (हाथी) जानवर था, लेकिन उसे मारना क्राइम है। इस शो के लिए उन्होंने 'दिल्ली क्राइम' के मेकर से हाथ मिलाया है। आलिया भट्ट की वेब सीरीज 'पोचर' इसी महीने ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इस शो से उनकी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने एक मिनट 20 सेकेंड का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वो हाथी की हत्या देख सिहर जाती हैं और कहती हैं कि मर्डर किसी का भी हो, वो मर्डर ही होता है। आलिया भट्ट की वेब सीरीजमें पहली झलक सामने आई है। इसमें कुछ पुलिसकर्मी जंगल में हैं। आलिया भी उनके साथ हैं। वो कह रही हैं, अशोक का मर्डर सुबह 9 बजे रिपोर्ट हुआ। इस महीने का तीसरा हादसा। अशोक बस 10 साल का था। उसकी बॉडी को पूरी तरह से क्षत-विक्षत कर दी गई थी। उसने अपने हत्यारों को देखा तक नहीं। उनको लगता है कि वो बच जाएंगे, लेकिन नहीं। बस इसलिए कि अशोक हम में से एक नहीं था, ये क्राइम छोटा नहीं हो जाता, क्योंकि मर्डर मर्डर है। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी एक्टिंग का लोहा पहले ही मनवा चुकी हैं।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किसान को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित तरावली गांव में कल शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। हादसे के बाद किसान को निजी



अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार गांव कचनारिया, तहसील बैरसिया निवासी दीप सिंह राजपूत किसान थे। सोमवार को वह किसी काम से बैरसिया आए थे और अपने गांव कचनार लौट रहे थे। तरावली गांव पहुंचते ही उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। उन्हें गंभीर चोट आई?थी।



**भूमिपूजन**

**भोपाल।** मंगलवार को पार्षद पप्पू विलास ने झादा वाले कब्रिस्तान में शेड सड़क और टाईल्स सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अब्दुल सलीम पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजहर अली महाराणा प्रताप मंडल अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अहमद अली खान, बाबर खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृष्णा गौर को पहचानने से इंकार करने पर छात्र को पीटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रातीबड़ इलाके में कृष्णा गौर को पहचानने से इंकार करने पर लड़कों के झुंड ने छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट कर दी। पुलिस ने छात्र की शिकायत पर अज्ञात लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



फाइल फोटो

पुलिस के मुताबिक, बंजारा बस्ती सूरज नगर निवासी 21 वर्षीय प्रकाश विश्वकर्मा पिता प्रेम विश्वकर्मा आरजीपीएम कालेज में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि शाम साढ़े छह बजे वह अपने दोस्त सचिन ,वैभव, अजय के साथ चाय पीने रानी लक्ष्मी बाई काम्लेक्स नीलबड़ आया था। पहले से खड़े तीन-चार लड़कों ने सचिन नागर से पूछने लगे कि कृष्णा गौर को जानते हो। छात्रों ने पहचानने से इंकार कर दिया। इस पर लड़के सचिन के साथ मारपीट करने लगे। सचिन के सिर में कुर्सी मार दी। इससे उसे चोट लगी है।

### एक लाख की नगदी और पुराने इस्तेमाली जेवरात चुराकर लेकर गए बदमाश

# पीएचई की रिटायर्ड इंजीनियर के सूने मकान से लाखों की चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री निवास के पास पीएचई विभाग के रिटायर्ड इंजीनियर के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश एक लाख लाख रुपए की नगदी समेत पुराने इस्तेमाली जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश इंजीनियर का कहना है कि उनके घर से करीब बीस लाख रुपए का माल चोरी हुआ है। पुलिस का कहना है कि इंजीनियर अभी घर में सामान चेक कर रहे हैं इसके बाद ही जेवरात के बिल थाने में सौंपेगे। पुलिस ने नकबजनी का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार 83 साल के एमएम खान मुख्यमंत्री निवास के पास, श्यामला हिल्स में रहते हैं। उनकी दो बेटियां हैं। एक बेटी दुबई में रहती है, जबकि दूसरी कोहेफिजा इलाके में रहती है। कल रात करीब 9 बजे वह पत्नी के साथ घर पर ताला लगाकर कोहेफिजा में शादी में शामिल होने गए थे। वहां से रात करीब 1 बजे के आसपास घर लौटे। इस दौरान पता चला कि घर में चोरी हो गई है। चोर उनके घर के ऊपर वाले दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। इसके बाद अंदर के कमरों के दो ताले तोड़े और आलमारी तक पहुंचे थे। आलमारी से बदमाश एक लाख रुपए की नगदी और जेवरात चुराकर ले गए है।



### नहीं है सीसीटीवी कैमरे

नकबजनी की जानकारी मिलते ही श्यामला हिल्स पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। इसके बाद निरीक्षण किया गया। पुलिस का कहना है ?कि एमएम खान के मकान में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। पुलिस सीएम हाउस के पास लगे अन्य कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर नशामुक्ति केंद्र के पास कल सुबह अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।




पुलिस के अनुसार विकास कुमार पिता कमल किशोर (33) सहारा कांप्लेक्स, अब्बास नगर, गांधी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। सोमवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे नशामुक्ति केंद्र अब्बास नगर के पास उसकी एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक का शव पीएम के लिए भेजा। घटनास्थल पर पुलिस को मृतक की टूटी हुई एक्टिवा मिली थी। इसके अलावा शरीर पर गंभीर चोट होने के कारण पुलिस घटना को एक्सीडेट मानकर जांच कर रही है।

### ट्रक की टक्कर से डिलेवरी ब्वाय की मौत

इसी थाना क्षेत्र में होली फैमिली स्कूल के पास गत 7 जनवरी को एक ट्रक चालक ने अमेजन कंपनी के डिलेवरी ब्वाय को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक का ड्राइवर उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा ?था। अस्पताल में इलाज के दौश्रान डिलेवरी ब्वाय की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सोंप दिया है। पुलिस ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर ट्रक जब्त करेगी। पुलिस के अनुसार आकाश गौंड पिता पप्पूलाल गौंड (20) तारा सेवनिया, परवलिया सड़क में रहता था और अमेजन कंपनी में डिलेवरी ब्वाय था। गत 7 जनवरी को होली क्रॉस स्कूल के पास उसेकी बाइक को ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से ट्रक चलाते हुए टक्क्कर मार दी। हादसे में आकाश को गंभीर चोट आई थी। ट्रक चालक उसे अस्पताल ले गया, वहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह आकाश की मौत हो गई।

## कियोस्क संचालक ने स्कूल की फीस हड़पी, अमानत में खयानत का मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर पुलिस ने एक कियोस्क संचालक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। कियोस्क संचालक पर आरोप है कि उसने स्कूल संचालक से दो लाख बाइस हजार रुपए की फी जमा करने के लिए ली थी, लेकिन उसने फीस जमा नहीं की और अपने इस्तेमाल में ले ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले कीजांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुमन यादव पति सुरेन्द्र सिंह यादव (50) रजत विहार, बागसेवनिया में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को एक शिकायती आवेदन दिया था। शिकायती आवेदन में उन्होंने बताया कि वह अयोध्या नगर में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल का संचालन करती है। डी सेक्टर नेहरू नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया (39) क्यिोस्क संचालक हैं और सुमन अपने स्कूल की फीस शैलेंद्र से जमा कराती थी।

शैलेंद्र करीब विगत दो साल से बच्चों की फीस सही तरीके से जमा कर रहा था। इस बार भी उन्होंने बच्चों की फीस 2 लाख 22 हजार रुपए अक्टूबर 2023 में जमा करने के लिए शैलेंद्र को दी थी, लेकिन उसने तय सीमा में जमा नहीं की। फीस जमा नहीं होने से प्रति बच्चे सौ रुपए फाइन देकर फीस जमा करनी थी, लेकिन वह भी नहीं की। सुमन यादव ने अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने रुपए लौटाने से भी मना कर दिया।

## बिजली के 10 पोल चोरी कर ले चोर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रातीबड़ इलाके में चोर बिजली के 10 पोल चोरी कर ले गए। चोरी गए पोल लोहे के हैं। पुलिस ने सुनील साहू की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभी आरोपियों का पता नहीं लगा है। पुलिस घटना स्थल के आस-पास रहने वाले लोगों से संदिग्धों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस को संदेह है कि चोरी करने वाले बदमाश वाहन से पोल ले गए हैं। ऐसे में किसी ने तो देखा होगा।

**मेट्रो एंकर** 24 घंटे में आधा दर्जन चोरियां दर्ज

# राजधानी में नकबजन गिरोह सक्रिय, आधा दर्जन नकबजनी की वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में नकबजनी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। अनुमान हैकि गरोह सक्रिय है और वारदात को अंजाम दे रहा है। पुलिस गत चौबीस घंटे के भीतर आधा दर्जन नकबजनी की वारदातें दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है और गिरोह की तलाश की जा रही है।

गांधी नगर पुलिस के अनुसार वैशाखी दलपति पति दुर्गाशंकर घोष (40) मकान नंबर, 301 मेपल ट्री जेल रोड़ गांधी नगर में रहती है। उन्होंने पुलिस



फाइल फोटो

को शिकायत करते हुए बताया कि गत 10 फरवरी की शाम चार बजे घर का गेट लॉक करने के बाद काम से लालघाटी गई थी। करीब दो घंटे बाद लौटकर आई तो दरवाजे का हैंडल टूटा मिला। अंदर पहुंचकर देखने पर पता चला कि सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है।

बदमाश घर से लैपटाप, सोने के कान की वाली, सोने की अंगुठी आदि गहने, हाथ घड़ियां एवं अन्य छोटे मोटे इलेक्ट्रानिक सामान लेकर गए हैं। बदमाश उनके घर से करीब एक लाख का सामान लेकर गए है। इसी कॉलोनी में एक अन्य वारदात बदमाश ने लीला मालवीय के घर की और उनके घर से नगदी समेत 60 हजार रुपए के जेवरात चुराकर ले गए।

### घर से चोरी, बाइक भी ले गए बदमाश



इधर कोलार पुलिस ने बताया कि आशीष कुमार कुशवाह बंजारी कोलार में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। गत 11 जनवरी की रात उनके घर का ताला तोड़कर बदमाश घरेलू सामान चुराकर ले गए। बदमाश पोर्च में खड़ी उनकी बाइक भी चुराकर ले गए इसी थाना क्षेत्र में इशान विस्टा कॉलोनी में रहने वाले प्रशांत रावत के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी समेत जेवरात चुराकर ले गए है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि इतवारा इलाके में फैजान खान की दुकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 55 हजार रुपए का सामान चुराकर ले गए।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022